रोहतक
शनिवार, 6 जुलाई 2024
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 28, अंक : 160
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 34.4
न्यून. 26.6

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



05 मेसी शूटआउट में गोल से चूके, अर्जेंटीना ने कोपा अमेरिका के अंतिम-4 में बनाई जगह

नोटों की तस्करी मामले में सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

# अपराधी पैदा नहीं होते, बनाए जाते हैं, हर संत का अतीत होता है व पापी का भविष्य

■ चार साल से एनआईए की हिरासत में था युवक, अब मिली जमानत
■ शीर्ष कोर्ट ने जताई हैरानी, कहा- तत्काल सुनवाई के अधिकार से वंचित नहीं कर सकते

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने नोटों की तस्करी मामले में अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि अपराधी पैदा नहीं होते, बल्कि बनाए जाते हैं। मामले की सुनवाई जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने की। कोर्ट ने कहा कि हर संत का एक अतीत होता है और पापी (अपराधी) का भविष्य होता है। जब कोई क्राइम होता है तो उसके पीछे कई कारण होते हैं। साल 2020 का यह मामला नकली नोटों की तस्करी से जुड़ा है। एनआईए ने फरवरी 2020 में मुंबई के अंधेरी इलाके से 2000 के 1193 नकली नोटों (इंडियन करेंसी) के साथ एक युवक को हिरासत में लिया था। एजेंसी ने दावा था कि नकली नोटों को तस्करी के जरिए पाक से मुंबई लाया गया था। आरोपित 4 साल से जेल में हैं। अब कोर्ट ने आरोपित को बेल दे दी।

### युवक चार साल से हिरासत में

चार साल से युवक एनआईए की हिरासत में है। 5 फरवरी 2024 को उसने मुंबई हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद युवक ने सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी।

### यह भी कहा कोर्ट ने

- बेंच ने कहा कि हर किसी में मानवीय क्षमता होती है। इसलिए ये नहीं मानना चाहिए कि अभी जो अपराधी है, वे भविष्य में सुधर नहीं सकते। अक्सर अपराधियों, किशोर व वयस्क के साथ व्यवहार करते समय मानवतावादी मूल सिद्धांत छूट जाते हैं।
- बेंच ने कहा, याचिकाकर्ता 4 साल से हिरासत में है। हमें आश्चर्य है कि यह केस कब खत्म होगा। संविधान का अनुच्छेद 21 अपराध की प्रकृति से परे लागू होता है। अपराध चाहे कितना भी गंभीर क्यों न हो, आरोपी को तत्काल सुनवाई का अधिकार है। ट्रायल कोर्ट व हाईकोर्ट कानून के बने हुए सिद्धांत को भूल गए हैं कि सजा के तौर पर जमानत नहीं रोकी जानी चाहिए।

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर किया हलफनामा

# नीट-यूजी परीक्षा रद करना ठीक नहीं ईमानदार छात्रों के हित प्रभावित होंगे

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र सरकार और एनटीए ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि विवादों से घिरी नीट-यूजी, 2024 परीक्षा को रद करना तर्कसंगत कदम नहीं होगा। इससे उन लाखों ईमानदार छात्रों के भविष्य के लिए गंभीर खतरा पैदा होगा जो परीक्षा में शामिल हुए थे। राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 उम्मीदवारों, कोचिंग संस्थानों और अभिभावकों द्वारा दायर विभिन्न याचिकाओं के जवाब में दायर अपने हलफनामे में, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) को कथित अनियमितताओं की व्यापक जांच करने को कहा है। केंद्र ने कहा, इसके साथ ही यह भी दलील दी जाती है कि अखिल भारतीय परीक्षा में गोपनीयता के बड़े पैमाने पर उल्लंघन के किसी भी सबूत के अभाव में, पूरी परीक्षा और पहले से घोषित परिणामों को रद करना ठीक नहीं होगा।



परीक्षा में कोई बड़ी गड़बड़ी नहीं हुई ■ दोषियों को सजा हो, पर एग्जाम रद न करें

## नीट-पीजी परीक्षा 11 अगस्त को दो पालियों में होगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) 2024 का आयोजन 11 अगस्त को दो पालियों में होगा। प्रश्न पत्र परीक्षा से दो घंटे पहले तैयार किया जाएगा। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) ने शुक्रवार को यह घोषणा की। पहले यह परीक्षा 23 जून को होनी थी। बोर्ड ने कहा, 'एनबीईएमएस के 22 जून 2024 के नोटिस के क्रम में नीट-पीजी 2024 परीक्षा का कार्यक्रम अब पुनः निर्धारित किया गया है। अब यह 11 अगस्त को दो पालियों में होगी। नीट-पीजी 2024 में शामिल होने के लिए पात्रता के उद्देश्य से कट-ऑफ तारीख 15 अगस्त, 2024 रहेगी।' केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 23 जून को होने वाली नीट-पीजी प्रवेश परीक्षा 22 जून को स्थगित कर दी थी। कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर अनियमितताओं के आरोपों के मद्देनजर एहतियातन कदम उठाते हुए यह निर्णय लिया गया था।

## खबर संक्षेप

### संजय आप के संसदीय दल के अध्यक्ष नियुक्त



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को पार्टी के संसदीय दल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही उन्हें राज्यसभा में पार्टी का नेता भी चुना गया है। सिंह ने कहा, 'अरविंद केजरीवाल ने हमेशा सड़क से सदन तक आवाज़ बुलंद करने का मौका दिया। भाषा

### बीआरएस नेता कविता की हिरासत 18 तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की कोर्ट ने शराब नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता की न्यायिक हिरासत 18 जुलाई तक बढ़ा दी है। विशेष जज कावेरी बावेजा ने यह आदेश सुनाया। सीबीआई कविता को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। भाषा

### सरोगेसी से मां बनने वाली महिलाओं को भी मैटरनिटी लीव का हक



**भुवनेश्वर।** उड़ीसा हाईकोर्ट ने एक फैसला सुनाते हुए कहा कि सरोगेसी के जरिए मां बनने वाली महिला कर्मचारियों को अन्य महिलाओं की समान ही मैटरनिटी लीव और दूसरी लाभ प्राप्त करने का पूरा हक है। भाषा

### केजरीवाल की जमानत पर सीबीआई को नोटिस



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस नीना बंसल की बेंच ने शराब नीति केस से जुड़े केस में सीबीआई से 7 दिन में जवाब मांगा है। कोर्ट ने दिल्ली सीएम से पूछा किया कि आप सीधे हाईकोर्ट क्यों पहुंचे। भाषा

### एयरटेल के 37.5 करोड़ ग्राहकों का डेटा लीक!

**नई दिल्ली।** देश की दिग्गज टेलिकॉम कंपनी भारती एयरटेल के ग्राहकों के डेटा लीक की खबरें चल रही हैं। टेलिकॉम कंपनी ने इसका खंडन किया है, जिनमें यह कहा गया था कि एयरटेल के करीब 37.5 करोड़ ग्राहकों के डिटेल हैक कर लिए गए हैं और उनके फोन नंबर, ईमेल एड्रेस, आधार नंबर जैसी जानकारी डार्क वेब पर बिक्री के लिए उपलब्ध है। वहीं, एयरटेल के प्रवक्ता ने कहा कि यह हमारी छवि खराब करने का प्रयास है। एजेंसी

लेबर पार्टी '400' पार नए पीएम कीर का देश के पुनर्निर्माण का वादा

# ब्रिटेन में चौदह साल के बाद की वापसी, 58वें पीएम बने स्टॉर्मर

| 200 साल में कंजर्वेटिव पार्टी की सबसे बड़ी हार | लेबर पार्टी को 412 सीटें कंजर्वेटिव 120 पर सिमटी | चुनाव में जीत दर्ज करते ही कीर ने पत्नी को चूमा | ब्रिटेन में कुल 650 सीटें बहुमत को 326 जरूरी |
|---|---|---|---|

**लंदन (भाषा/एजेंसी)।** ब्रिटेन में शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक रहा। यहां की सत्ता बदल गई। सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी 14 साल बाद लेबर पार्टी से चुनाव हार गई। इसके कुछ घंटे बाद ही भारतवंशी ऋषि सुनक ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। लेबर पार्टी के 61 साल के कीर स्टॉर्मर देश के 58वें प्रधानमंत्री बन गए हैं। चुनाव में जीत दर्ज करते ही कीर ने पत्नी को चूम लिया। इससे पहले सुनक ने हार स्वीकार कर पार्टी से माफी मांगी है। उन्होंने स्टॉर्मर को भी फोन कर जीत की बधाई दी। इसके बाद सुनक ने पत्नी के साथ 10 डाउनिंग स्ट्रीट छोड़ दिया। आम चुनाव में लेबर पार्टी को बंपर जीत मिली है। पार्टी ने कुल 650 सीटों में से 412 सीटों जीत दर्ज की है। सरकार बनाने के लिए 326 सीटों की जरूरत है। उधर कंजर्वेटिव 120 सीटों पर सिमट गई। कंजर्वेटिव पार्टी की पिछले 200 सालों में सबसे बड़ी करारी हार है। दूसरी तरफ किंग चार्ल्स से मुलाकात के बाद कीर सब्रिटिश पीएम के आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट पहुंचे। वहां उन्होंने अपने समर्थकों से मुलाकात की है।



कीर ने कश्मीर पर भारत का समर्थन किया था

■ कंजर्वेटिव पार्टी के हारते ही सुनक ने पीएम पद से दिया इस्तीफा
■ हार स्वीकार कर माफी मांगी, स्टॉर्मर को जीत की बधाई दी
■ भारतवंशी सुनक ने पत्नी के साथ 10 डाउनिंग स्ट्रीट छोड़ी

### पीएम मोदी ने दी बधाई



ब्रिटेन के आम चुनाव में उल्लेखनीय जीत पर कीर स्टार्मर को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मैं सभी क्षेत्रों में भारत-ब्रिटेन की व्यापक साझेदारी को और मजबूत करने की उम्मीद करता हूं।

*- नरेंद्र मोदी, पीएम*

### गुरुवार को हुआ था मतदान

ब्रिटेन में बृहस्पतिवार को मतदान हुआ था। लेबर पार्टी को 200 से अधिक सीट की बढ़त के साथ भारी जीत दिलाने के बाद स्टार्मर नए प्रधानमंत्री बने और उन्होंने ऋषि सुनक की जगह ली। स्टॉर्मर ने सरकार बनाने के लिए एक समारोह में महाराजा चार्ल्स तृतीय की अनुमति ली। इससे पहले, 44 वर्षीय ऋषि सुनक ने महाराजा से मुलाकात के बाद इस्तीफा दे दिया था।

### हम आज से ही काम शुरू करेंगे : कीर

ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री के रूप में कीर स्टॉर्मर ने शुक्रवार को अपने पहले भाषण में आम चुनाव में लेबर पार्टी की भारी जीत के बाद देश के हृदय में निराशा को ठीक करने और राष्ट्र के पुनर्निर्माण का वादा किया। प्रधानमंत्री बनने के बाद स्टॉर्मर ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, हमारा काम अत्यावश्यक है और हम इसे आज से ही शुरू कर रहे हैं। देश के पहले एशियाई प्रधानमंत्री बनने के लिए पूर्ववर्ती ऋषि सुनक द्वारा किए गए अतिरिक्त प्रयास को स्टार्मर (61) ने मान्यता दी।

# पीएम ने नीरज से पूछा- आपका चूरमा तो आया नहीं, कब खिलाओगे

## चोपड़ा बोले-इस बार हरियाणा का चूरमा खिलाऊंगा सर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपिक 2036 की मेजबानी की भारत की दावेदारी कामयाब रहने को लेकर आश्वस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से बात की और इस दावे को मजबूत करने के लिए पेरिस में व्यवस्थाओं का अनुभव साझा करने का आग्रह किया। मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से व्यक्तिगत और आनलाइन बातचीत में कहा कि उनके द्वारा साझा की जाने वाली जानकारी 2036 ओलंपिक की मेजबानी का दावा मजबूत करने में काम आएगी। भारत की कोशिश है कि हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करें। इस दौरान पीएम ने विशेष रूप से हरियाणा के भला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा से बड़ी आत्मीयता से बात की। नीरज ने मोदी से बातचीत की शुरुआत करते हुए उन्हें नमस्ते किया और कहा कि आप कैसे हैं, इस मोदी ने जवाब दिया, 'वैसे ही हैं। आपका चूरमा तो आया ही नहीं।' इस पर नीरज ने शर्माते हुए कहा, 'जरूर लेकर आएंगे सर। पिछली बार दिल्ली में चीनी वाला चूरमा था। इस बार हरियाणा का चूरमा आपको खिलाऊंगा।' मोदी ने चोपड़ा से कहा, 'मुझे आपकी मां के हाथ का चूरमा खाना है।' इस पर नीरज ने वादा करते हुए कहा, 'पक्का सर।'



### पीएम ने पेरिस ओलंपिक में जा रहे खिलाड़ियों से की बात

■ मोदी ने नीरज से कहा, मुझे इस बार आपकी मां के हाथ का चूरमा खाना है
■ नीरज ने कहा, पक्का वादा सर, पक्का
■ प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से कहा-अपने अनुभव साझा करना, ये 2036 में भारत में ओलंपिक करवाने का दावा मजबूत करेंगे

### मुझे भरोसा है आप 100% देंगे

पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होना है। खिलाड़ियों से मोदी ने बातचीत में कहा-मुझे भरोसा खिलाड़ी आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे, ये 140 करोड़ देशवासियों में आशा जगाते हैं। मैं आश्वस्त हूं कि एथलीट अपना 100% श्रेष्ठ प्रदर्शन करके भारत को गौरवांवित करेंगे। मोदी ने पहली बार ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली बॉक्सर निखत जरीन सहित कई शूटरों से बातचीत की और उनकी तैयारियों को जाना।

# विस चुनाव से पहले भाजपा ने पूनिया को बनाया प्रदेश प्रभारी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने प्रदेश प्रभारी बिल्पब देब को हटा दिया है। उनकी जगह डॉ. सतीश पूनिया को नया प्रभारी बनाया गया है। डॉ. पूनिया राजस्थान से संबंधित हैं। उनके साथ सांसद सुरेंद्र नागर को सह प्रभारी लगाया है। हालांकि बिल्पब देब चुनाव सह प्रभारी बने रहेंगे। इसके अलावा भी भाजपा ने कई राज्यों में प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारियों की नई नियुक्ति की है। सतीश पूनिया राजस्थान भाजपा के बड़े नेता हैं। वो 2018 से 2023 तक अंबर विधानसभा से विधानसभा के सदस्य रहे है। पूनिया राजस्थान में भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं। वहीं, सुरेंद्र सिंह नागर उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। नागर पहले लोकसभा सांसद रह चुके हैं। फिलहाल वह राज्यसभा सांसद हैं। दोनों नेता लोकसभा चुनाव में हरियाणा के प्रभारी और सह प्रभारी की जिम्मेदारी पहले भी संभाल चुके हैं।

(पेज 7 भी देखें)



नागर को दी सहप्रभारी की जिम्मेदारी, प्रदेश प्रभारी पद से बिप्लब देब को हटाया

## अमृतपाल और रशीद ने लोस सदस्य के तौर पर शपथ ली





**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** पैरोल पर जेल से बाहर आए कट्टरपंथी सिख उपदेशक अमृतपाल सिंह और कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद ने शुक्रवार को संसद भवन के अंदर और बाहर कड़ी सुरक्षा के बीच लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। इंजीनियर रशीद के नाम से जाने जाने वाले रशीद गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम के तहत दर्ज आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं, जबकि सिंह राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत दर्ज मामले में असम के डिब्रूगढ़ की जेल में कैद हैं। सुरक्षाकर्मी सुबह उन्हें संसद परिसर लाए थे।

# प्रदेश में मुख्य निर्वाचन अधिकारी बदले, पंकज अग्रवाल होंगे सीईओ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश सरकार ने वरिष्ठ अफसरशाही में बड़ा बदलाव किया है। सीएम नायब सैनी की मंजूरी के बाद 12 आईएएस के ट्रांसफर ऑर्डर जारी किए गए हैं। अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को बदल दिया गया है। अब पंकज अग्रवाल नए मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) होंगे। वहीं, प्रदेश के नए होम सेक्रेटरी का चार्ज सीनियर आईएएस अनुराग रस्तोगी को सौंप दिया गया।

### किसे कहां नियुक्ति मिली

| अफसर | जिम्मेदारी |
|---|---|
| 1. अंकुर गुप्ता | सहकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और कार्मिक (नियुक्ति) विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव। |
| 2. अनुराग रस्तोगी | वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के साथ गृह, जेल, अपराध और न्याय विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव। |
| 3. आनंद मोहन शरण | श्रम विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव। |
| 4. राजशेखर वुंडरू | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग और पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव। |
| 5. विनीत गर्ग | स्कूल शिक्षा विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव। |
| 6. जी अनुपमा | सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता एवं पिछड़ा वर्ग एवं अंत्योदय विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव। |
| 7. अनुराग अग्रवाल | पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर)और सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव। |
| 8. राजीव रंजन | मत्स्य पालन विभाग का प्रधान सचिव। |

▶▶ शेष पेज 4 पर

न्यूटेक | पेट्रोल-सीएनजी टैंक फुल कराने पर 330 किमी चलेगी

*कीमत 95,000 से 1.10 लाख रुपये तक होगी, बजाज ऑटो ने पुणे में लॉन्च की पहली सीएनजी बाइक*

# दुनिया की पहली सीएनजी बाइक बजाज फ्रीडम-125 लॉन्च हुई

एजेंसी ▶▶| पुणे

बजाज ऑटो ने शुक्रवार दुनिया की पहली सीएनजी बाइक 'बजाज फ्रीडम 125' लॉन्च की। बाइक को चलाने के लिए दो फ्यूल ऑप्शन यानी, 2 लीटर का पेट्रोल टैंक और 2 किलो का सीएनजी टैंक है। दोनों को एक बार फुल कराने से 330 किमी का माइलेज मिलेगा। राइडर एक बटन से सीएजी से पेट्रोल और पेट्रोल से सीएनजी पर स्विच कर सकता है। इसकी कीमत 95,000 से 1.10 लाख (एक्स-शोरूम) के बीच है। बाइक की बुकिंग शुरू हो गई है। डिलीवरी सबसे पहले महाराष्ट्र और गुजरात में शुरू होगी।

### तीन वैरिंएट में मिलेगी

बजाज फ्रीडम सीएजी बाइक तीन वैरिएंट में मि लेगी। बाइक के 11 से ज्यादा सेफ्टी टेस्ट किए गए हैं। 10 टन लोडेड ट्रक के नीचे आने पर भी टैंक लीक नहीं हुआ। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बाइक को लॉन्च किया। गडकरी ने दावा किया कि सीएजी टू-व्हीलर चलाने का खर्च करीब 1 रुपये प्रति किलोमीटर आएगा।



### यह होगी माइलेज

पूरी तरह गैस से भरने पर सीएनजी टैंक का वजन 18 किलो होता है। कंपनी का दावा है कि सीएनजी पर 100 किमी प्रति किलोग्राम और पेट्रोल का उपयोग करते समय 65 किलोमीटर प्रति घंटा का माइलेज मिलता है। इसमें 125सीसी का सिंगल-सिलेंडर इंजन दिया गया है, जो 9.5 पीएस की पावर और 9.7 एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करता है।

### फ्रीडम 125 में खास

- फ्रीडम 125 बाइक में सेगमेंट की सबसे लंबी सीट। लंबाई 785 एमएमए है।
- सीएनजी और पेट्रोल भरने के लिए एक कॉमन फ्यूल टैंक कैप कवर दिया है।
- फ्रीडम 125 बाइक में 2केजी का सीएनजी टैंक सीट के नीचे प्लेस किया है।
- बाइक में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ रिवर्स एईडी कंसोल दिया गया है।
- ये मिस्र, तंजानिया, कोलंबिया, पेरू, बांग्लादेश और इंडोनेशिया में एक्सपोर्ट होगी।

विरौव बलम्
सरकारी मान्यता प्राप्त धर्मार्थ संस्था जिसके द्वारा विश्व स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी देखभाल के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है ।
49 वर्षों के गौरवशाली अतीत वाला एक संस्थान जहां 1976 से निरंतर पैरामेडिक्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

डिप्लोमा कोर्स (प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम)
योग्यता : 10वीं / 12वीं पास
• मेडिकल लेबोरेटरी तकनीशियन • डेंटल लैब तकनीशियन/हाईजेंनिस्ट
• एक्सरे एवं इसीजी तकनीशियन • पब्लिक हैल्थ एवं सनिटेशन तकनीशियन
• ऑपरेशन थिएटर तकनीशियन • कार्डियो वसकुलर तकनीशियन
• डायलिसिस तकनीशियन • कैथ लैब तकनीशियन
• अनेस्थेसिया तकनीशियन • फिजियोथेरपी
• ओफ्थल्मीक तकनीशियन • सीटी/एमआरआई तकनीशियन

बैचलर ऑफ साइंस योग्यता : PCB / PCM से 10वीं / 12वीं तथा स्नातक
• बैचलर ऑफ वोकेशनल स्टडी • कैथ लैब तकनीशियन
• मास्टर ऑफ वोकेशनल स्टडी • बैचलर ऑफ फिजियोथेरपी
• B.Sc मेडिकल लेबोरेटरी तकनीशियन (BMLT) • कार्डियो वसकुलर तकनीशियन
• रेडियो इमेजिंग तकनीशियन (BRIT) • कार्डियक केयर तकनीशियन
• डायलिसिस तकनीशियन • M.Sc मेडिकल लैबोरेटरी तकनीशियन
• ऑपरेशन थिएटर तकनीशियन

पैरामेडिकल और नर्सिंग में चुनें अपना सुनहरा भविष्य
SCAN ME
प्रवेश आरंभ 2024
• भारत के बेंचमार्क (मानक) पैरामेडिकल शिक्षकों द्वारा
• रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार और भारत की सेनाओं (जल सेना, थल सेना, वायु सेना), (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) तथा विभिन्न संबंधित राज्य सरकारों के लिए सेवाकाल में प्रशिक्षण प्रदान करने वाला संस्थान है।
• संस्थान पैरा मेडिकल पाठ्यक्रम को भारत एवं राज्य सरकारों के प्राधिकरण बोर्ड, मेडिकल बोर्ड, पैरामेडिकल काउंसिल, भारतीय नर्सिंग काउंसिल तथा दिल्ली नर्सिंग काउंसिल से अनुमोदित संस्थान के मान्यता प्राप्त हैं।
• पैरा मेडिकल के लिए प्रशिक्षण आरंभ करने वाला भारत का पहला और एकमात्र संस्थान होने पर हमें गर्व है।

B. VOC. & M. VOC.
Bachelor/Masters of Vocational Studies
ANM & GNM
AUXILIARY /GENERAL : NURSING & MIDWIFERY

इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हैल्थ एंड हाइजीन
RZ-A-44 महिपालपुर, नई दिल्ली-37
Email : iphh76@gmail.com www.iphhparamedic.in
9811817972
8178552287

## खबर संक्षेप

### शालिभद्र मुनि शहर में करेंगे चातुर्मास

**चंडीगढ़।** तपस्वी राज शालिभद्र मुनि का रविवार को अमर जैन हॉस्टल से सुबह आठ बजे जैन स्थानक के लिए शुभ मंगलमय प्रस्थान होगा। शहर में संतों का प्रथम सम्पूर्ण चातुर्मास होगा । इस पावन बेला में पंजाब , हरियाणा , दिल्ली , हिमाचल , जम्मू-कश्मीर से गुरुभक्त बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

### कैशलेस मेडिकल सुविधा देने की मांग

**चंडीगढ़।** शहर के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर मीडिया से जुड़ी मांगों और उनको मेडिकल कैशलेस कार्ड दिए जाने की वकालत की। हरियाणा जर्नलिस्ट यूनियन मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मांगों को उनके समक्ष रखा और ज्ञापन सौंपा। सीएचजेयू ने मुख्यमंत्री से इमरजेंसी दौरान जेल जाने वालों की तरह पत्रकारों की पेंशन भी 20 हजार रुपये करने की मांग की।

### कैथल के विकास पर खर्च होंगे 15.61 करोड़

**कैथल।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2024-25 के दौरान कैथल जिला में डी-प्लान के तहत 15.61 करोड़ रुपये की राशि से विकास कार्य करवाए जाएंगे। इस प्लान में ग्रामीण क्षेत्र में 11.79 करोड़ रुपये के और शहरी क्षेत्र में 3.81 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए जाने शामिल हैं। डॉ. कमल गुप्ता शुक्रवार को कैथल में परिवेदना समिति की बैठक ले रहे थे।

### मुख्यमंत्री का कांग्रेस पर तंज, बोले-पोर्टल के कारण हुड्डा के पेट में दर्द

# कांग्रेस राज में गरीब परिवारों के बच्चे नौकरी के बारे में सोच भी नहीं सकते थे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार में भ्रष्टाचार और भेदभाव होता था। कांग्रेस शासनकाल में गरीब घर का युवा सरकारी नौकरी के बारे में सोच भी नहीं सकता था। गैस के एक सिलेंडर के लिए तीन-तीन दिनों तक लाइन में लगना पड़ता था। 24 घंटे बिजली देने का वादा करके कांग्रेस पलट जाती थी। सीएम सैनी ने कहा कि 2014 में जनता ने कांग्रेस के कुशासन से तंग आकर भाजपा को सत्ता सौंपी। भाजपा सरकार ने पारदर्शी और ईमानदारी से शासन चलाया। युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के नौकरी दी। 24 घंटे बिजली देने का वादा भाजपा ने पूरा किया और आज गांवों में भी 24 घंटे बिजली आ रही है। गैस सिलेंडर घर-घर पहुंच रहे हैं। कांग्रेस के समय से चले आ रहे भेदभाव को भाजपा ने पूरे प्रदेश में समान रूप से काम करके समाप्त किया। मुख्यमंत्री शुक्रवार को भी पूर्व विधायक श्याम सिंह राणा की भाजपा में वापसी पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। राणा अपने समर्थकों के साथ इनेलो छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए।

> ■ 2014 में जनता ने कांग्रेस को कुशासन के कारण सत्ता से उखाड़ फेंका था



चंडीगढ़। श्याम सिंह राणा का स्वागत करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### कांग्रेसी भ्रष्टाचार करने के लिए मांगते हैं वोट : नायब

सीएम सैनी ने पूर्व विधायक श्याम सिंह राणा को भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। सदस्यता ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री ने श्याम सिंह राणा को अपना घनिष्ठ मित्र बताया और कहा कि सभी नए साथियों को भाजपा में पूरा मान और सम्मान मिलेगा। यहां सैनी ने कांग्रेस पर जबरदस्त हमला बोला। उन्होंने कहा कि 2014 में कांग्रेस के भ्रष्टाचार से परेशान होकर जनता ने कांग्रेस शासन को उखाड फेंका था। पूर्व सीएम हुड्डा पर भी सीएम सैनी ने तंज कसा। उन्होंने कहा कि हुड्डा साहब को पोर्टल के कारण पेट में दर्द हो रहा है। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया भी उपस्थित रहे। कांग्रेस को घेरते हुए नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के लोग भ्रष्टाचार करने के लिए वोट मांगते हैं।

### लोगों को झूठे सब्जबाग दिखा रही कांग्रेस

नायब सैनी ने कहा कि अब कांग्रेस के पास कहने को कुछ नहीं है। 60 साल तक देश पर शासन करने के बाद भी कांग्रेस की दुकान में झूठ के सिवाय कोई सामान नहीं है जिसको वह जनता के सामने परोस सकें। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में झूठ बोलकर लोगों की आकांक्षाओं को जगाने का काम किया। गरीब लोगों को 8500 रुपये देने के झूठे सब्जबाग दिखाए। मुख्यमंत्री ने सदस्यता समारोह में राजपूत समाज की भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति समृद्ध है। हमारे पूर्वजों का इतिहास रहा है। अपनी संस्कृति को बचाने के लिए महाराणा प्रताप ने घास की रोटियां खानी पड़ी थी, लेकिन उन्होंने ने संघर्ष कर समाज के सामने नए नई मिसाल कायम की।

## पटौदी की 18 सड़कों में सुधार को दी प्रशासनिक मंजूरी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने गुरुग्राम जिले के पटौदी विधानसभा की 18 सड़कों की विशेष मरम्मत और सुधार के लिए प्रशासनिक मंजूरी प्रदान कर दी है। सभी पर 6.20 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी।प्रवक्ता ने बताया कि जिन विशेष सड़कों की मरम्मत को मंजूरी मिली है, उनमें गुरुग्राम जिले में 39.95 लाख रुपये से अधिक की लागत से गांव नरहेड़ा तक 1.620 किलोमीटर लंबे एचएनपीपी मार्ग, 41.11 लाख रुपये से अधिक की लागत से गांव राजपुरा से गांव मुज्जफरा तक 2.25 किलोमीटर लंबे मार्ग, 90.98 लाख रुपये से अधिक की लागत से गांव भोंकरका से गांव परसोली तक 2.790 किलोमीटर , डीजे रोड (एनएच-8) से गांव बिलासपुर कलां तक 0.240 किलोमीटर लंबी सड़क जिसकी लागत 21.41 लाख रुपये, डीजे रोड से आर.एल.एस. कॉलेज सिधरावली तक 0.150 किलोमीटर लंबी सड़क जिसकी लागत 11.38 लाख रुपये खर्च होंगे।

## 4000 और प्ले स्कूल खोले जाएंगे

**चंडीगढ़।** महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल ने कहा कि प्रदेश में पहले चरण में शुरू किए गए 4,000 प्ले स्कूलों की सफलता के बाद दूसरे चरण में 4,000 और प्ले स्कूल खोले जाएंगे। प्ले स्कूल खोलने का मुख्य उद्देश्य हरियाणा के सभी बच्चों को निःशुल्क और गुणवत्ता पूर्ण प्री-स्कूल की शिक्षा देना है। गोयल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि तीन से छह वर्ष की उम्र के बच्चों के उत्तम विकास और सही देखभाल के लिए हरियाणा सरकार ने वर्ष 2020 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करते हुए प्रदेश के 4 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों को प्ले स्कूलों में अपग्रेड करने का निश्चय किया और बच्चों को खेल-खेल में उत्तम दर्जे की प्री-स्कूल शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से कार्य करना शुरू किया।

## नायब बोले- मनोहर लाल मेरे गुरु, सदा ही रहेंगे



चंडीगढ़। पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर नई परंपरा डालते हुए 24 घंटे सातों दिनों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। उनका कहना है कि अगर वे चंडीगढ़ में हैं, तो रात के 12 बजे भी लोगों से मिलते रहेंगे, कोई दिक्कत नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने नेता विपक्ष और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा गुरु चेले की सरकार कहने पर दोहराया है कि-हां, मनोहरलाल मेरे गुरु हैं, सदा ही रहेंगे...। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एसी पार्टी है, जो परिवारवाद की नहीं बल्कि सामान्य से कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बना सकती है। खास बात यह है कि सीएम नायब सैनी ने पत्रकारों के साथ शाम को चाय पर चर्चा के दौरान खुलकर जवाब दिए और कहा कि जब भी वे चंडीगढ़ स्थित सरकारी आवास पर होते हैं, तो हर रोज करीब पांच से छह हजार लोगों से मुलाकात कर लेते हैं। इस मुलाकात को चार चरणों में रखा जाता है।

### प्रधानमंत्री मोदी से हॉटलाइन पर हुई वार्ता

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बेबाक बातचीत में यह भी खुलासा किया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल से उनकी बात होती है। इतना ही नहीं पीएम मोदी के साथ में वे हाटलाइन पर जुड़े हैं। दस साल के कांग्रेस के शासनकाल की याद दिलाते हुए सैनी ने मीडिया से सवाल दागा कि कुछ फर्क नजर आ रहा है या नहीं। सैनी ने कहा कि कबीर कुटिया (सीएम आवास) के दरवाजे पूरी तरह से खुले हैं। वे जब चंडीगढ़ में होते हैं,. तो हर रोज करीब छह हजार और इससे भी ज्यादा लोगों से मुलाकात करते हैं। पूरे राज्य से आने वाले लोगों के लिए सीएम ने चार पालियां निर्धारित कर रखी हैं। लोगों से मुलाकात करने का सिलसिला कभी-कभी तो रात 12 बजे के बाद तक चलता रहता है। शुक्रवार की रात को मुख्यमंत्री मुलाकात करने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तड़के चार बजे तक बैठक की और प्रदेश के विकास को गति देने के लिए चिंतन मंथन किया।

## जजपा के कई पदाधिकारी कांग्रेस में शामिल, हुड्डा ने किया स्वागत



चंडीगढ़। नेताओं का स्वागत करते नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा का कहना है कि जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, कांग्रेस का कुनबा लगातार विस्तार ले रहा है और विरोधी दलों से लोगों का मोह भंग हो रहा है। इसी कड़ी में जेजेपी कुरुक्षेत्र के 10 से ज्यादा पदाधिकारियों ने कांग्रेस ज्वाइन की है। उनके साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। हुड्डा ने सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और उन्हें पार्टी में पूर्ण मान-सम्मान का भरोसा दिलाया। हुड्डा ने कहा कि नए साथियों के आने से पार्टी और मजबूत होगी। पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा व अन्य मौजूद रहे।

## 1000 प्राथमिक विद्यालयों में होगा स्मार्ट क्लासरूम का विस्तार : प्रसाद

**चंडीगढ़।** प्रौद्योगिकी के माध्यम से शिक्षा में क्रांतिकारी सुधार और प्रदेशभर में बच्चों में सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने के उदेश्य से, हरियाणा में संपर्क कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के दौरान अतिरिक्त 1000 राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम शुरू किए जाएंगे। मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी उपायुक्तों के साथ एक बैठक के दौरान यह जानकारी दी गई। वर्तमान में, हरियाणा में 6600 से अधिक प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम के विस्तार का उद्देश्य राज्य की प्राथमिक शिक्षा प्रणाली में नवीन शैक्षिक प्रौद्योगिकियों को और एकीकृत करना है।



### विद्यार्थियों की दक्षता में इजाफा

प्रसाद ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इसके माध्यम से बुनियादी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता पर बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लासरूम की शुरुआत विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने तकनीकी रूप से उन्नत और समावेशी शिक्षा प्रणाली के लिए संपर्क फाउंडेशन के साथ सहयोगात्मक प्रयासों का भी उल्लेख किया और सभी उपायुक्तों को अपने-अपने जिलों में संपर्क कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन की निगरानी करने के निर्देश दिए। स्कूल शिक्षा विभाग अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग ने कहा कि स्मार्ट क्लासरूम की शुरुआत से प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों में सीखने के परिणामों और सूक्ष्म दक्षताओं में 35 से 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने शिक्षकों को व्यापक प्रशिक्षण प्रदान करने तथा उन्हें नई तकनीकों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना जरूरी है।

## बुजुर्ग डिपो धारकों को राहत दे सरकार : जैन

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार और वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि प्रदेश में 60 साल से अधिक उम्र के बाद राशन डिपो धारकों के लाइसेंस नवीनीकरण नहीं होने के कारण 1300 से अधिक डिपो धारकों की आजीविका पर संकट आ गया है। चूंकि डिपो धारक को किसी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलती और उन्होंने लम्बा समय इस कार्य में लगाया होता है, इसलिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री मूलचंद शर्मा से बात करते हुए समस्या का समाधान करने का आग्रह किया है । शुक्रवार को वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने बताया कि प्रदेश में 60 साल आयु के बाद डिपो लाइसेंस नवीनीकरण नहीं होने के चलते परेशान डिपो धारकों के प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात के दौरान यह मांग रखी है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों का कहना था कि उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी इसी काम में लगाई और अब वह कोई अन्य कार्य नहीं कर सकते।

JOIN
सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवाएं
ARMED FORCES MEDICAL SERVICES



शॉर्ट सर्विस कमीशंड चिकित्सा अधिकारी
SHORT SERVICE COMMISSIONED MEDICAL OFFICER
भारतीय नागरिकों (स्त्री एवं पुरुष) से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
साक्षात्कार अनुमानिते अगस्त/ सितम्बर 2024 मे दिल्ली में आयोजित किए जायेंगे।
रिक्तियाँ - 450 (338 पुरुष + 112 महिला)
योग्यता - एमबीबीएस
आयु सीमा - अभ्यर्थी की आयु 31 दिसंबर 2024 को एमबीबीएस डिग्री धारक के लिए 30 वर्ष से कम (अर्थात जिनका जन्म 02 जनवरी 1995 को या उसके पश्चात हुआ हो, वही योग्य होंगें) एवं स्नातकोत्तर डिग्री धारक के लिए 35 वर्ष से कम (अर्थात जिनका जन्म 02 जनवरी 1990 को या उसके पश्चात हुआ हो, वही योग्य होंगें) होनी चाहिए।
पात्रता शर्तों के लिए 16/23 जुलाई 2024 का Employment News/ रोजगार समाचार पत्र तथा www.amcsscentry.gov.in वेबसाइट देखें।
ऑनलाइन आवेदनों के लिए www.amcsscentry.gov.in वेबसाइट पर पंजीकरण 16 जुलाई 2024 से 04 अगस्त 2024 तक होंगें।

Applications are invited from Indian Citizens both male and female. Interview will be conducted at Delhi tentatively in the month of Aug/ Sep 2024.
Vacancy - 450 (338 for male + 112 for female)
Qualification - MBBS
Age Limit - Candidate must not have attained the age of 30 years if holding an MBBS degree (only those born on or after 02 Jan 1995 are eligible) and 35 years if holding a PG degree (only those born on or after 02 Jan 1990 are eligible) as on 31 Dec 2024 respectively.
For Eligibility Conditions, Application Format etc see Employment News / Rozgar Samachar issue of 16/23 Jul 2024 and the website www.amcsscentry.gov.in.
Registration for online application will be opened from 16 Jul 2024 to 04 Aug 2024 on www.amcsscentry.gov.in
CBC/10601/11/0008/2425

THE SONIPAT COOP. SUGAR MILLS LTD., SONIPAT

"E-Tender Notice"

Original Manufacture/Authorized dealer/Reputed & experienced suppliers are requested to submit their rates through e-tendering for the following items. The detailed tender form can be downloaded from e-tendering Portal as mentioned below of related items.

| Sr. No. | Description of Items | e-Tender ID No. |
|---|---|---|
| 1. | Purchase of tube cleaning equipment's of FFE's Evaporators and Pan etc. | 2024_HBC_386826_1 |
| 2. | Purchase of Packing and jointing. | 2024_HBC_386839_1 |
| 3. | Purchase of Planetary gear box. | 2024_HBC_386848_1 |
| 4. | Purchase of domite tip size 90 x 90 mm. U type with H.T. Bolt 7/8" x 45 mm. long and lock washer of fibrizer. | 2024_HBC_386854_1 |
| 5. | Purchase of spares for NHEC continuous centrifugal machines, Walchand Nagar Centrifugal machines and NHEC batch type centrifugal machines. | 2024_HBC_386866_1 |
| 6. | Purchase of Pumps. | 2024_HBC_386879_1 |
| 7. | Purchase of mill house spares i.e. head stock, unloader spares etc. | 2024_HBC_386891_1 |
| 8. | Purchase of various type of nut and bolt i.e. M.S. Nut and bolt, S.S. Nut and Bolt, H.T. Nut and bolt and Stud etc. | 2024_HBC_386896_1 |
| 9. | Purchase of various sizes high pressure C.S. Steam valves for boilers and C.I. Sluice Valves, Globe Valves, right angle valves, butterfly valves, diaphragm valves, rising and non-rising valves and gunmetal valves/S.S. ball type of valves/angle valves of different sizes. | 2024_HBC_386905_1 |
| 10. | Purchase of S.S. Tube. | 2024_HBC_386914_1 |
| 11. | (i) Supply, Erection and Commissioning of S.S. Mud Scrapper for Vacuum Filter (ii) Overhauling, reconditioning repairing work of vacuum filter and Replacement fitting servicing during off season 2024. | 2024_HBC_386925_1 |
| 12. | Replacement of complete magma mixture with planetary drive. | 2024 _HBC_386935_1 |
| 13. | Supply, erection and commissioning of quad body shell of 600 $m^2$ | 2024_HBC_386940_1 |
| 14. | Dismantling, repairing and fitting of cane cutter assembly along with trial and purchase of new hubs. (ii) Purchase of cane cutting knife. | 2024_HBC_386942_1 |
| 15. | Dismantling and reconstruction R.C.C. Slab of Lime Slacker. | 2024_HBC_386947_1 |
| 16. | A.M.C., repairing and calibration of hydraulic governor Europe Type UG-40 make of mill turbine S.S. -26 AP Bellies. | 2024_HBC_386952_1 |
| 17. | Purchase of brass screens and supporting liners and S.S. wire Netting | 2024_HBC_386959_1 |
| 18. | Purchase of Nickle Screen. | 2024_HBC_386963_1 |

All the tenders will be available on e-tendering Portal https://etenders.hry.nic.in. The bid should be submitted separately in two parts technical as well as commercial. The technical tender will be opened on 12.07.2024 at 09:05 A.M. and the time for opening the financial bid has been fixed on 15.07.2024 at 10:00 A.M. and the negotiation will be held on 16.07.2024 at 11:00 AM onwards, if needed. All the concerned parties must be registered on e-tendering portal. The Mill Management reserves the right to accept/reject any/all tenders/ items without assigning any reason thereof.

Sd/- Managing Director,
The Sonipat Coop. Sugar Mills Ltd.,
Sonipat

भारतीय थल सेना
JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER
www.joinindianarmy.nic.in

अधिकारी प्रविष्टियाँ

1. निम्नलिखित कोर्सों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :-
(क) 64वाँ अल्पसेवा कमीशन (तकनीकी) कोर्स (पुरूष) एवं 35वाँ अल्पसेवा कमीशन (तकनीकी) कोर्स (महिला) अप्रैल 2025 के लिए।
(ख) 34वाँ अल्पकालिक सेवा कमीशन जे.ए.जी. कोर्स अप्रैल 2025 कानून में स्नातक पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए।
(ग) 57वाँ अल्पसेवा कमीशन एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स (पुरूष एवं महिला) (युद्ध में हताहत सेना कार्मिकों के आश्रितों सहित) अप्रैल 2025 के लिए।
2. ऑनलाइन आवेदन निम्नलिखित अवधि तक खुले रहेंगे:-
(क) अल्पकालिक सेवा कमीशन (तकनीकी) कोर्स - पुरूष एवं महिला - 16 जुलाई से 14 अगस्त 2024
(ख) जे.ए.जी. कोर्स - पुरूष एवं महिला - 15 जुलाई से 13 अगस्त 2024
(ग) एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स - पुरूष एवं महिला - 11 जुलाई से 09 अगस्त 2024

OFFICER ENTRIES

1. Applications are invited for the following courses:-
(a) 64th Short Service Commission (Tech) Men Course and 35th Short Service Commission (Tech) Women Course Apr 2025.
(b) 34th Short Service Commission JAG Entry Scheme Course (Men & Women) Apr 2025 course for Law Graduates.
(c) 57th Short Service Commision NCC Special Entry Scheme Course Apr 2025 for Men & Women (including Wards of Battle Casualties of Army personnel).
2. Online applications will open as under:-
(a) SSC (Tech) Course - Men & Women - 16 Jul to 14 Aug 2024
(b) JAG Course - Men & Women - 15 Jul to 13 Aug 2024
(c) NCC (Special) Course - Men & Women - 11 Jul to 09 Aug 2024

नोट :-
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन और जानकारी के लिए, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।
Note :-
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in.
CBC 10601/11/0023/2425

## खबर संक्षेप

### महिला तस्कर हेरोइन सहित गिरफ्तार

**जाखल।** पुलिस ने एक महिला को गिरफ़्तार करके उसके कब्जे से हेरोइन बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। इस संबध में जाखल थाना प्रभारी एसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि जाखल पुलिस की टीम एएसआई सुशीला देवी के नेतृत्व में महिला पुलिस कर्मियों सहित अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गांव नडेल से जाखल की तरफ आ रही थी।

### भाइयों पर रजिस्ट्री में हेरफेर का आरोप

**यमुनानगर।** दो भाइयों ने एक ही जमीन की रजिस्ट्री दो अलग-अलग व्यक्तियों के नाम करवाने का आरोप लगा है। पुलिस ने तहसीलदार की शिकायत पर दोनों आरोपी भाइयों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### ठगी करने पर कॉल सेंटर संचालक सहित चार धरे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम ईस्ट पुलिस ने टिकट बुकिंग के नाम पर विदेशियों से ठगी करने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कॉल सैंटर संचालक सहित चार लोगों को गिरफ्तार किय है। आरोपी रग्बी, फुटबॉल मैच, सिंगर कंसर्ट की टिकट बुकिंग के नाम पर करते विदेशी लोगों से ठगी करने की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने कॉल सेंटर से जालसाजी में प्रयोग किए जाने वाले 4 लैपटॉप, 4 हेडफोन व 1 चार्जर बरामद कर केस दर्ज कर लिया और जांच शुरु कर दी।

### ओसी के उल्लंघन पर दो बिल्डिंग सील

**गुरुग्राम।** डीटीपी मनीष यादव की टीम ने डीएलएफ फेस-1 में शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए ओसी (ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट) का उल्लंघन करने पर दो बिल्डिंग को सील कर दिया। इस दौरान किसी भी विरोध का सामना करने के लिए पुलिस बल भी मौजूद रहा। इस संबंध में सीएम विंडो पर लगाई गई शिकायत के बाद यह कार्रवाई की गई है।

### सेकेंडरी की हिन्दी की परीक्षा में नकल के 9 केस

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदेशभर में संचालित करवाई गई सेकेंडरी की हिन्दी विषय की परीक्षा में कुल 9 अनुचित साधन के मामले दर्ज किए गए। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि उनके उड़नदस्ते द्वारा जिला रोहतक के परीक्षा केन्द्र वैश्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रोहतक 24 व झज्जर के परीक्षा केन्द्र राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, झज्जर 04 के परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया।

### डंपर चालकों से वसूला जा रहा है गुंडा टैक्स

**नूंह।** नूंह जिले के बीवां मार्ग स्थित दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के नीचे इस समय खनन सामग्री ढोने वाले वाहनों से गुंडा टैक्स यानी अवैध वसूली का कारोबार दिनदहाड़े किया जा रहा है । जबकि हजारों की संख्या में वहां यहां से निकल रहे हैं। क्षेत्र के लोकल बाइक सवार, फोर व्हीलर चालक लगातार ऐसी अवैध वसूली को होते देख दंग रह रहे हैं कि दिनदहाड़े अवैध वसूली करने वाले उक्त लोगों के हौसले कितने बुलंद है। जिनको पुलिस प्रशासन का तनिक भी भय नहीं है।

## सिरसा में जिला एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में हंगामा

# मंत्री ने पहले आईओ को किया सस्पेंड, फिर फैसला पलट दिया

- सालभर बाद ग्रीवांस कमेटी की बैठक मजाक बनकर रह गई
- भाजपा नेता आदित्य चौटाला ने फैसले पर नराजगी जताई बोले, विस चुनाव में एसपी-डीसी को चुनाव लड़वा दो



**सिरसा।** ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में पुलिस कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते भाजपा नेता आदित्य चौटाला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सालभर बाद शुक्रवार को पंचायत भवन में जिला एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता राज्यमंत्री बिशम्बर वाल्मीकि ने की, लेकिन उन्होंने भरी सभा में ही अपने फैसले को पलट दिया जो पूरे दिन चर्चा में रहा। मंत्री के इस फैसले को लेकर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन भी नाराज हो गए और उन्होंने रोष भरे लहजे में कहा कि दो महीने बाद चुनाव है, एसपी-डीसी को टिकट दे देना, ये विधायक बन जाएंगे। शुक्रवार को कालुआना गांव में वन विभाग की जमीन पर पेड़ काटने के मामले में सुनवाई करते हुए शिकायत पर राज्यमंत्री बिशम्बर वाल्मीकि ने इस मामले के जांच अधिकारी को सस्पेंड करने व गोरीवाला चौकी प्रभारी को बदलने के आदेश दिए। मंत्री ने कहा कि उन्होंने रिपोर्ट देखी है, इसमें पुलिस ने गलत किया है, क्योंकि शिकायतकर्ता के खिलाफ ही कार्रवाई कर दी जो कि न्यायोचित नहीं है। थोड़ी ही देर में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने अपना पक्ष रखा तो मंत्री ने फैसला बदला दिया और कहा कि इसमें पांच दिन के अंदर रिपोर्ट मांगी गई है। इस फैसले के बाद भाजपा के नेता और डबवाली विधानसभा से चुनाव लड़ने वाले आदित्य चौटाला खफा हो गए और उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि दो महीने बाद विधानसभा के चुनाव हैं। एसपी-डीसी को चुनाव लड़वा देना। उन्होंने पीड़ा भरे लहजे में कहा कि अधिकारी जनसुनवाई तो कर ही रहे हैं, फिर डर किस बात का। इनको अलग हलके देकर टिकट दे देना ताकि विधायक बन जाएं। उन्होंने अपनी ही सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि समाधान शिविर का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि जिस अधिकारी के खिलाफ शिकायत आ रही है वही निवारण कर रहा है तो फिर न्याय कहा से मिलेगा। थोड़े दिनों में इन समाधान शिविरों में लोग आने से रह जाएंगे।

### मंत्री की बात सुन चेयरमैन भड़के

राज्यमंत्री की ये बात सुनकर मंच पर बैठे बीजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं नेशनल काउंसिल ऑफ स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन आदित्य देवीलाल ने कहा कि मंत्री जी न्याय करो, आप प्रशासन की मदद कर रहे हो। आप प्रशासन की बात सुन रहे और ग्रामीणों की कोई सुनवाई नहीं कर रहे। इसके बाद ग्रामीणों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। ग्रामीण बोले कि हमें इंसाफ चाहिए।

### कैथलः बैठक से गैरहाजिर रहे खजाना अधिकारी एवं एग्रो डीएम, कटेगी सैलरी

**कैथल।** स्वास्थ्य एवं नागरिक उड्डयन मंत्री डा. कमल गुप्ता ने कहा कि सभी अधिकारी जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक को गंभीरता से लें और जिला उपायुक्त की अनुमति के बगैर कोई भी विभागाध्यक्ष बैठक में अनुपस्थित न रहे। उन्होंने बैठक में गैर हाजिर रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ा रूख अपनाया। उन्होंने उपायुक्त प्रशांत पंवार को मीटिंग से गैर हाजिर रहने वाले जिला खजाना अधिकारी और हरियाणा एग्रो के डीएम को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं उनकी एक दिन की सेलरी काटने के निर्देश भी दिए।

### दरबार वे लगा रहे जिनसे जनता दुखी

आदित्य ने कहा- 2 दिन बाद हो रही कष्ट निवारण समिति की बैठक में लोग परेशान है। दरबार वो लगा रहे है जिनसे जनता दुखी है। यह केवल गांव कालुआना का मामला नहीं है। हर गांव में ऐसा ही देखने को मिल रहा है। शिकायत करने वाले को उसी की शिकायत में मुजरिम बना दिया जाता है। यह कैसा न्याय है। आदित्य चौटाला ने कहा कि मेरा तो कहना है कि विधानसभा चुनावों की टिकट डीसी और एसपी को दे और वह चुनाव लड़े।



**हिसार।** फायरिंग व चौथ मांगने की तीन घटनाओं के विरोध में शुक्रवार को हिसार पूरी तरह से बंद रहा। बच्चे सड़क पर क्रिकेट मैच खेलते रहे।

## आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

# फायरिंग व चौथ मांगने के विरोध में बंद रहा हिसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर में जून माह के दौरान तीन दिन में फायरिंग व चौथ मांगने की तीन घटनाओं के विरोध में शुक्रवार को हिसार बंद पूरी तरह सफल रहा। शहर के ऑटो मार्केट, नई अनाज मंडी के साथ मुख्य बाजार व पेट्रोल पंप बंद रहे। बंद में सामाजिक व राजनीतिक संगठनों ने भी व्यापारियों का साथ दिया तथा लोकसभा चुनावों से पहले पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल के साथ कांग्रेस छोड़ भाजपा ज्वाइन करने वाली पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला व भाजपा नेता सुरेंद्र लाहौरिया भी बंद में व्यापारियों के साथ खड़े नजर आए। बंद के समर्थन में व्यापारी संगठनों समेत अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने नागोरी गेट पर प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान आईएमए के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अजय महाजन प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे और व्यापारियों के बंद का समर्थन किया। अन्य संगठनों ने भी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

## सेवानिवृत्ति के बाद कर्मी को डिमोट किया हरियाणा सरकार पर दो लाख जुर्माना

- सरकार के रवैए को हाई कोर्ट ने अजीब, चौकाने वाला और निंदनीय करार दिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

क्लर्क के पद से सेवानिवृत्त व्यक्ति को टेस्ट पास न कर पाने पर डिमोट कर चौकीदार बनाने के मामले में पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार की निंदा करते हुए दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। याचिका दाखिल करते हुए पानीपत निवासी माया देवी ने बताया कि उसका पति हरियाणा पावर जेनरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड में चौकीदार था। 1989 में उसे पदोन्नत कर लोअर डिवीजन क्लर्क बना दिया गया था। इसके बाद याची कॉर्पोरेशन ने उन्हें कंप्यूटर टाइपिंग टेस्ट पास करने को कहा जो अनिवार्य था। याची के पति ने इससे छूट मांगी लेकिन न तो उसे छूट मिली और न ही उसने टेस्ट पास किया। इसी बीच 2012 में वह सेवानिवृत्त हो गया। 2013 में कॉर्पोरेशन ने उसे पत्र जारी कर कहा कि उसे टेस्ट पास करना होगा वरना उसकी पेंशन व अन्य लाभ चौकीदार के पद के अनुसार तय कर दिए जाएंगे। याची का पति टैस्ट पास न कर सका और उसे डिमोट कर चौकीदार मानते हुए रिटायरमेंट व अन्य लाभ तय कर दिए गए। याची के पति की मौत 2018 में हो गई और उसके बाद डिमोट पद के अनुसार ही याची को फैमिली पेंशन मिलने लगी।

## कुरुक्षेत्र में प्रॉपर्टी डीलर के घर पर फायरिंग, 50 लाख की चौथ मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आजाद नगर थानेसर मे प्रॉपर्टी डीलर के घर पर दो बाइक सवार हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। फायरिंग के बाद बदमाशों ने फोन पर वाइस मैसेज भेजकर 50 लाख रुपये रंगदारी मांगी है। बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग में एक फायर घर के अंदर खड़ी कार के पीछे लगा है और एक अन्य फायर गेट पर लगे लाइट लैंप पर लगा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और सीआईए की टीमें मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मौके पर सीन ऑफ क्राइम टीम को भी बुलाया गया। टीम ने मौके से नमूने एकत्रित कर फोरेंसिक लैब में भिजवाएं। घर के मालिक



**कुरुक्षेत्र।** घटनास्थल पर जांच करती सीआईए टीम। फोटो : हरिभूमि

जयप्रकाश ने बताया कि देर रात को फायरिंग की आवाजें आई लेकिन उन्होंने सोचा कि हर रोज लोग रात को पटाखे बजाते है क्योंकि उनके बच्चे विदेश जाते है। जब वे सुबह उठे तो उन्होंने देखा कि बाहर गोलियों के खोल पड़े हुए थे। पुलिस को फोन किया और पुलिस ने जांच शुरू की।

## जींद में कारोबारी को धमकी देकर 25 लाख की रंगदारी मांगी

- दिल्ली में कारोबार करता है पीड़ित, भाई ने दर्ज कराया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दिल्ली में कारोबार करने वाले नरवाना के कारोबारी को धमकी देकर 25 लाख रुपये की चौथ मांगने का मामला सामने आया है। चौथ राशि न देने पर कारोबारी को बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी गई है। शहर थाना नरवाना पुलिस ने कारोबारी के भाई की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ चौथ मांगने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नरवाना के बीरबल नगर निवासी बंटी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई सुशील दिल्ली में कंपनी से जुड़ कर कारोबार करता है। उसके भाई के मोबाइल पर बीती रात मोरपत्ती निवासी राजू मोर तथा विकास उर्फ बाक्सर ने धमकी देकर 25 लाख रुपये की डिमांड की है। डिमांड राशि न देने पर उसके भाई को बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी गई है। जिस पर उसके भाई ने दोनों द्वारा दी जा रही धमकी के बारे में अवगत कराया। साथ ही उसके भाई ने कॉल रिकोर्डिंग व अन्य सबूत भी उसे दिए हैं। धमकी को देखते हुए उसका भाई सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षित स्थान पर चला गया है। बंटी की शिकायत पर नरवाना निवासी राजू मोर, विकास उर्फ बाक्सर के खिलाफ चौथ मांगने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सेंट्रल सेक्टर स्कीम स्कॉलरशिप के लिए आवेदन भरने की प्रक्रिया शुरू

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा संचालित प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन योजना सेंन्ट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कोलरशिप फॉर कॉलेज एंड यूनिवर्सिटी स्टूडेंट के अंतर्गत वर्ष 2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया 30 जून, 2024 से आरम्भ हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इस स्कीम के लिए फ्रैश छात्रवृत्ति के पात्र छात्र व छात्राओं की मेरिट कट ऑफ बोर्ड की अधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध है। विद्यार्थी नई दिल्ली के दिशा निर्देशानुसार आवेदन कर सकते हैं।




## एनआईआईएलएम विवि कैथल में विभिन्न कोर्सेज में दाखिला लेने के लिए प्रवेश प्रकिया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल में सत्र 2024-2025 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। जिसके लिए विद्यार्थी विश्वविद्यालय वेबसाइट पर ऑनलाइन और आफलाइन विश्वविद्यालय में आकर आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. (डॉ.) शमीम अहमद ने बताया कि इस बार एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय ने छात्रों के लिए बहुत सारे नए रोजगारपरक कोर्स शुरू किए हैं जिसमें दाखिला लेकर छात्र-छात्राएं अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं और एक सफल करियर बनाने की ओर अग्रसर हो सकते हैं।

कुलपति महोदय ने कहा कि एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय कैथल के विभिन्न विभागों में संचालित पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए बीए., बीएससीमेडिकल - नॉन मेडिकल, बीए एलएलबी,बीएससीहोटल मैनेजमेंट,एग्रीकल्चर, एवम एआईसीटीई से मान्यताप्राप्त विभिन्न कोर्स जैसे बीबीए. , बी सी ए , बी टे क , बी . कॉ म , डी.फार्मेसी,बी. फार्मेसी, स्नातकोत्तर कोर्स एमए-एजुकेशन , एमए अंग्रेजी , एमए हिन्दी , एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार , एमए संस्कृत , एमए म्यूजिक , एमए फाइन आर्ट्स , एमए योगा साइंस , एमए डिफेंस स्टडीज , एमए इकोनोमिक्स, एमए ज्योग्राफी, एमए हिस्ट्री, एमलिब एंड इंफोर्मेशन साइंस, एमए. पॉलिटिकल साइंस, एमए साइकोलोजी , एमए लोक प्रशासन , एमए सोशियोलोजी, एमएससी फोरेंसिक साइंस, एमएससी-बायोकैमिस्ट्री, बॉटनी , जेनेटिक्स , जूलोजी , मास्टर ऑफ होटल मैनजमेंट , मास्टर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट , एम.कॉम , एमएससी कैमिस्ट्री , एमएससी कंप्यूटर साइंस , एमएससी गणित, एमएससी फिजिक्स , एमटेक , एलएलबी ,एलएलएम आदि विषय उपलब्ध हैं।

**सियासत** कुछ पुराने तो कुछ नए चेहरे टिकट की रेस में आगे

# चुनावी सरगर्मियां तेज, उकलाना में टिकट चाहने वाने सक्रिय

राजेश्वर बैनीवाल ▶▶| हिसार



अनूप धानक आशा खेदड़ सीमा गैबीपुर नरेश सेलवाल कुसुम सेलवाल बृजलाल मनजीत रंगा अजय खेड़ीबर्की।

लोकसभा चुनाव को लगभग डेढ़ माह हो गया है। अब विभिन्न राजनीतिक दलों ने विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है। दो प्रमुख राजनीतिक दलों भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस के पास जहां हर विधानसभा क्षेत्र में टिकट चाहने वालों की फौज है वहीं जजपा व इनेलो की हालत ऐसी हो गई है, जिनकी टिकट लेने वाली खुद की मजबूरी समझ रहा है। जी हां, यहां बात हो रही है जिले के उकलाना (आरक्षित) विधानसभा क्षेत्र की। यहां पर मुख्य रूप से भाजपा व कांग्रेस के संभावित व टिकट के चाहवान नेताओं ने इन दिनों सक्रियता बढ़ा रखी है। हालांकि विधानसभा चुनाव की घोषणा होनी है और उसके बाद हर दल अपने संगठन व सर्वे के हिसाब से टिकटों का वितरण करेगा, लेकिन चूंकि अब चुनावों में समय कम बचा है, इसलिए नेता सक्रिय अवश्य हो गए हैं। उकलाना विधानसभा क्षेत्र नए परिसीमन के बाद पहली बार वर्ष 2009 में अस्तित्व में आया था। वर्ष 2009 में यहां पर पहला चुनाव हुआ और नरेश सेलवाल पहली बार कांग्रेस की टिकट पर विधायक चुने गए। वर्ष 2019 के चुनाव में कुमारी सैलजा के प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए चुनाव में नरेश की टिकट काट दी गई थी और बाला देवी ने यहां से चुनाव लड़ा था, जिन्हें मात्र 10 हजार वोट ही मिल पाए थे। हालांकि नरेश ने भी निर्दलीय के तौर पर किस्मत आजमाई लेकिन हार गए और यहां से जजपा टिकट पर अनूप धानक चुनाव जीत गए।

### कांग्रेस के संभावित चेहरे

फिलहाल कांग्रेस की ओर से कई चेहरे टिकट लाने का दावा कर रहे हैं मुख्य रूप से कुसुम सेलवाल, बृजलाल बहबलपुरिया, अजय खेड़ीबर्की व बाला देवी भी टिकट के लिए प्रयासरत है ।

### भाजपा में इन नामों पर चर्चा

चुनावी तैयारियों के बीच सत्तारूढ़ भाजपा के नेता भी पीछे नहीं है। जिला अध्यक्ष खेदड़ व वरिष्ठ नेत्री सीमा गैबीपुर शामिल है। पार्षद विकास सेलवाल व पार्टी नेता बहादुर सिंह नंगथला भी नए चेहरों के तौर पर टिकट लाने के प्रयास में है।

### जजपा में अनूप दावेदार

हरियाणा सरकार में कुछ समय पहले तक भागीदार रही जजपा की टिकट के लिए यहां कोई मारामारी नहीं है। यहां पर पूर्व मंत्री अनूप धानक को जजपा टिकट का मजबूत दावेदार माना जा रहा है। हालाकी जनता में रोष ज्यादा है।

हरियाणा सरकार

## हरियाणा सरकार का बागवानी किसानों को प्रोत्साहन

सरकार द्वारा चौ० चरण सिंह ह.कृ.वि. हिसार द्वारा विकसित की गई सब्जी की किस्मों के बीजों की मिनी किट पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। इस खरीफ सीजन में किसानों को भिंडी व घीया के बीज की मिनी किट पर अनुदान का प्रावधान है। बीज की किस्म, बिक्री दर व अनुदान राशि का विवरण निम्न अनुसार है

| फसल | किस्म | मिनी किट | | अनुदान राशि (50%) प्रति मिनी किट (रु.) | किसान का हिस्सा प्रति मिनी किट (रु.) | बीज (मिनी किट) बिक्री केंद्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पैकिंग साइज | बिक्री दर प्रति मिनी किट (रु.) | | | |
| भिंडी | वर्षा उपहार | 1.5 कि.ग्रा. | 255.00 | 127.50 | 127.50 | हरियाणा बीज निगम (एच.एस.डी.सी.) बीज बिक्री केंद्र |
| | हिसार उन्नत | 4 कि.ग्रा. | 680.00 | 340.00 | 340.00 | |
| | हाईब्रिड एच.बी.एच.-142 | 750 कि. ग्रा. | 555.00 | 277.50 | 277.50 | |
| घीया | हाईब्रिड एच.बी.जी.एच.-35 | 400 कि. ग्रा. | 820.00 | 410.00 | 410.00 | |

अधिक जानकारी के लिए

क्यू.आर. कोड स्कैन करें अथवा अपने जिले के जिला उद्यान अधिकारी से सम्पर्क करें अथवा कॉल करें (टोल फ्री नं.) 1800-180-2021

उद्यान विभाग, हरियाणा
सेक्टर–21, पंचकूला –134112
वेबसाइट :- Website : www.hortharyana.gov.in ई-मेल :-horticulture@hry.nic.in
बागवानी मिशन Horticulture Mission

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर दी जानकारी

# रक्षा उत्पादन 2023-24 में करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन 2023-24 में करीब 1.27 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया तथा यह 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम में एक और उपलब्धि है। वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का मूल्य 1,08,684 करोड़ रुपए था।

सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि भारत को एक अग्रणी वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सरकार अधिक अनुकूल व्यवस्था बनाने को प्रतिबद्ध है।

## नीतियों का सफल कार्यान्वयन

रक्षा मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, " रक्षा मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार की नीतियों और पहलों के सफल कार्यान्वयन के आधार पर, 'आत्मनिर्भरता' प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए वित्त वर्ष 2023-24 में मूल्य के संदर्भ में स्वदेशी रक्षा उत्पादन में अभी तक की सर्वाधिक

## देश ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन में सर्वाधिक वृद्धि हासिल की

## डीपीएसयू का योगदान बढ़ा

इसमें कहा गया कि 2023-24 में वार्षिक रक्षा उत्पादन करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। बयान में कहा गया, सभी रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू), रक्षा सामग्री बनाने वाले अन्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों और निजी कंपनियों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देश में रक्षा उत्पादन का मूल्य रिकॉर्ड स्तर अर्थात 1,26,887 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।




- मेक इन इंडिया कार्यक्रम में एक और उपलब्धि दर्ज
- वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित होगा भारत

## हर साल नया कीर्तिमान स्थापित

सिंह ने इस उपलब्धि के लिए रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों तथा रक्षा सामग्री बनाने वाले अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित भारतीय उद्योग व निजी उद्योग को बधाई दी। उन्होंने कहा, " प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम हर साल नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।"

## आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर ध्यान

मंत्रालय ने कहा यह उपलब्धि पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए लाए गए नीतिगत सुधारों और पहलों तथा व्यापार सुगमता की वजह से हासिल हुई है। स्वदेशीकरण के प्रयासों को निरंतर आधार पर आक्रामक तरीके से आगे बढ़ाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप अब तक का सबसे अधिक वीओपी हासिल हुआ है।

## रक्षा निर्यात 32 फीसदी से अधिक बढ़ा

इसके अलावा बढ़ते रक्षा निर्यात ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन में समग्र वृद्धि में जबरदस्त योगदान दिया है। इसमें कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 में रक्षा निर्यात 32.5 प्रतिशत बढ़कर 21,083 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर को छू गया। यह गत वित्त वर्ष में 15,920 करोड़ रुपये था।

## 20.8 फीसदी योगदान निजी क्षेत्र का रहा

रक्षा मंत्रालय ने कहा, " 2023-24 में उत्पादन के कुल मूल्य (वीओपी) में से करीब 79.2 प्रतिशत योगदान डीपीएसयू/अन्य पीएसयू का और 20.8 प्रतिशत का योगदान निजी क्षेत्र का रहा।आंकड़े दर्शाते हैं कि निरपेक्ष मूल्य के संदर्भ में डीपीएसयू/पीएसयू तथा निजी क्षेत्र दोनों ने रक्षा उत्पादन में स्थिर वृद्धि दर्ज की है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 1.71 अरब डॉलर घटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 28 जून को समाप्त सप्ताह में 1.71 अरब डॉलर घटकर 651.99 अरब डॉलर रहा। पिछले सप्ताह, कुल मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर रहा था। इस साल सात जून को भंडार 655.82 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। 28 जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.25 अरब डॉलर घटकर 572.88 अरब डॉलर रहीं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 42.7 करोड़ डॉलर घटकर 56.53 अरब डॉलर रह गया।

- समाप्त सप्ताह में घटकर 651.99 अरब डॉलर पर
- विदेशी मुद्रा आस्तियों में भी गिरावट

## कार्यालय खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, उकलाना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड उकलाना हेतु मनरेगा सोशल ओडिट कैलेण्डर अनुसार करवाने हेतु Block Resource Person की नियुक्ति प्रति कार्य दिवस राशि 750/- रूपये के मानदेय के आधार पर की जानी है। प्रति वर्ष कार्य दिवसों की संख्या का निर्धारण जारी (सोशल ओडिट. कैलेण्डर अनुसार) होगा। अभ्यर्थी स्नातक हो, कम्पूटर MIS का ज्ञान सहित Android Mobile प्रयोग में सक्षम हो। पहले कार्यरत VRP सोशल ओडिट को वरीयता दी जायेगी। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रारूप व शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचनापटट से प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के कमरा नं. 2 में समस्त जरूरी दस्तावेज की प्रति सहित दिनांक 06.07.2024 से 11.07.2024 तक सांय 03 बजे तक जमा करवाना सुनिश्चित करें।

हस्ता/-
खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी,
उकलाना।

## उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर पार्किंग के ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। धरोहर राशि बोली की 5% होगी तथा बोली कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी। आवंटित की जाने वाली पार्किंग ठेकों का विवरण निम्नलिखित है।

| | |
|---|---|
| नीलामी काटलोग सं. | UMB-CDG-CP01-24 |
| लॉट सं./श्रेणी | Parking-UMB-CDG-MX-78-24-1 (Parking mixed) |

**कार्य का विवरण:** चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन 2nd एंट्री (पंचकुला साइड) पर प्राइवेट कार (7864 वर्ग.मी.) भाडा (Hired), वाहन (1666 वर्ग मी.), तीन पहिया (786 वर्ग मी.) और दो पहिया (1709 वर्ग मी) का ठेका। कुल एरिया–12,025 वर्ग मी।

| | |
|---|---|
| रेट यूनिट | कुल लाइसेंस फीस |
| ट्रिप्स/दिन | 184 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि व समय | 19.07.24 10:00.00 |
| नीलामी बंद होने की तिथि व समय | 19.07.24 10:30.00 |

नीलामी आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेब साइट **www.ireps.gov.in** को देखें। 2036/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पेरिस के गैलरीज लाफायेट में यूपीआई भुगतान शुरू

**लंदन/पेरिस।** भारत ने प्रतिष्ठित एफिल टावर में एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) की सफल शुरुआत के बाद पेरिस के ऐतिहासिक डिपार्टमेंटल स्टोर गैलरीज लाफायेट में भी इसे शुरू किया है। यह महत्वपूर्ण कदम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यूपीआई का वैश्वीकरण करने के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में है।

### जॉब

☛ FRAUD कॉल से सावधान AIRTEL 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महीना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त CALL/ WHATSAPP/ SMS करें- 7003467406 , 7645886307

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# निफ्टी का नया रिकॉर्ड पर सेंसेक्स फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी शुक्रवार को लगातार तीसरे सत्र में नए शिखर पर बंद हुआ लेकिन रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन कर रहा बीएसई सेंसेक्स हल्की गिरावट के साथ 80,000 के स्तर से नीचे आ गया।

बाजार में कारोबार उतार-चढाव से भरा रहा। सत्र के अधिकांश हिस्से में बाजार खासे नुकसान में था लेकिन अंतिम घंटे की लिवाली आने से स्थिति थोड़ी बेहतर हो गई। कारोबार के अंत में बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 53.07 अंक गिरकर 79,996.60 पर बंद हुआ। हालांकि निफ्टी 21.70 अंक की मामूली बढ़त के साथ 24,323.85 के अपने नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ।



- बीएसई सूचकांक 80 हजार के स्तर से नीचे आया
- कारोबार के अंतिम घंटों में बाजार में तेजी आई

## सोना 200 रुपये मजबूत, चांदी में 350 रुपये की तेजी



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 200 रुपये की तेजी के साथ 73,310 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 73,110 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा चांदी की कीमत भी 350 रुपये बढ़कर 93,400 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 93,050 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, ''दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने की कीमतें (24 कैरेट) 73,310 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहीं, जो पिछले बंद भाव से 200 रुपये अधिक है।'' वैश्विक बाजारों में कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,363 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जो पिछले बंद भाव से सात डॉलर अधिक है। इसके अलावा चांदी भी बढ़त के साथ 30.55 डॉलर प्रति औंस पर रही।

**जियो 25,331 करोड़ रुपए के एजीआर के साथ शीर्ष पर (नई दिल्ली)।** दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने मार्च, 2024 तिमाही में सबसे अधिक समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) 25,330.97 करोड़ रुपये दर्ज किया है।

## MUNICIPAL COMMITTEE, KALANAUR — नगरपालिका कलानौर

E-mail ID- secy-kalanaur@ulbharyana.gov.in Off Tel. No. 01258-299022, 299422

### मुनादी/सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका कलानौर गुढान रोड़ पर अपनी भूमि पर खडे 10 पेडों को खुली बोली द्वारा देना चाहती है। इसके लिए दिनांक 11.07.2024 को प्रातः 11 बजे का समय निर्धारित किया गया है। पेडों को देने की शर्ते किसी भी कार्य दिवस में नगरपालिका कलानौर कार्यालय में आकर देखी जा सकती हैं, जो भी व्यक्ति पेडों को लेने का इच्छुक हो, निश्चित तिथि व समय पर नगरपालिका कलानौर के कार्यालय में उपस्थित होकर मौके का लाभ उठाए।

हस्ता/–सचिव
नगरपालिका कलानौर

हस्ता/– कनिष्ठ अभियंता
नगरपालिका कलानौर

संवाद-1078/11/499/2025/27490/C/88/6 दि. 05.07.24

## कार्यालय खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, बरवाला।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड बरवाला हेतु मनरेगा सोशल ओडिट कैलेण्डर अनुसार करवाने हेतु Block Resource Person की नियुक्ति प्रति कार्य दिवस राशि 750/- रूपये के मानदेय के आधार पर की जानी है। प्रति वर्ष कार्य दिवसों की संख्या का निर्धारण जारी (सोशल ओडिट कैलेण्डर अनुसार) होगा। अभ्यर्थी स्नातक हो, कम्पूटर MIS का ज्ञान सहित Android Mobile प्रयोग में सक्षम हो। पहले कार्यरत VRP सोशल ओडिट को वरीयता दी जायेगी। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रारूप व शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचनापटट से प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के कमरा नं. 2 में समस्त जरूरी दस्तावेज की प्रति सहित दिनांक 06.07.2024 से 11.07.2024 तक सांय 03 बजे तक जमा करवाना सुनिश्चित करें।

हस्ता/-
खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी,
बरवाला।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक, पुत्रः** रघुबीर, **पताः** गाँव घंगाली, तहसील सफिदा जिला जींद, हरियाणा, ने **FIR No. 303/2021, U/s 279/337 IPC,** थानाः कोतवाली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** फरार, हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 303/2021, U/s 279/337 IPC,** थानाः कोतवाली, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सायशा चडढा
महानगर दंडाधिकारी–08
कमरा नं. 272, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8698/N/2024
(Court Matter)

## पेज एक का शेष.....

### प्रदेश में मुख्य...

9. मोहम्मद शाईन : 'हाउसिंग फॉर ऑल' के आयुक्त व हरियाणा विद्युत उत्पादन निगम और आपूर्ति एवं निपटान विभाग के महानिदेशक के अलावा उच्चतर शिक्षा विभाग के आयुक्त एवं सचिव का अतिरिक्त कार्य भी देखेंगे।
10. फूलचंद मीणा : हिसार डिविजन के नए आयुक्त के रूप में भी कार्य करेंगे।
11. गीता भारती : अम्बाला डिविजन की आयुक्त भी होंगी।
12. राजीव रतन : वर्तमान कार्यभार के अलावा करनाल के विभागीय सचिव के रूप में नियुक्त।

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## केवल सात फीसदी ऋण महिला उद्यमियों को मिला

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कार्यकारी निदेशक नीरज निगम ने शुक्रवार को कहा कि श्रमबल में महिलाओं की कम भागीदारी वित्तीय समावेशन के प्रयासों और व्यापक आर्थिक वृद्धि में एक बड़ी बाधा है। निगम ने कहा कि महिलाओं को अधिक कर्ज देने की भी जरूरत है। सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को दिए जाने वाले कुल ऋणों में से केवल सात प्रतिशत ही महिलाओं की अगुवाई वाले उद्यमों को आवंटित किया गया।

### COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)

IN THE COURT OF Ms. Deepti
Additional Civil Judge (Senior Division), Sonipat

Vishnu
Vs.
Ajay saroha

CNR No. HRSO02-002316-2017
Next Date:- 02-09-2024

PUBLICATION ISSUED TO :
SMT. REENA W/O DEVENDRA KUMAR, S/O OM PRAKASH R/O HOUSE NO. 93/9, GALI NO. 1, VASANT VIHAR, ROHTAK HARYANA

In above titled case, the defendant(s) / respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **02-09-2024 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat

Sd/-
Addl. Civil Judge
(Senior Division), Sonipat

Dated, this day of 05-07-2024

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद टोहाना | जोन–1 एम.सी. टोहाना में हरपथ/नगर दर्शन पोर्टल पर प्राप्त डिमांड और मरम्मत/ पैच वर्क + 4 कार्य। | 01.07.2024 09.07.2024 | 96.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467820947 eo-tohana@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2025/40/27521/I/88/6 दि. 05.07.24

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | एम.सी. महम में कचरे का घर-घर से एकत्रीकरण परिवहन के साथ-साथ प्रसंस्करण। | 03.07.2024 12.07.2024 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9671706978 secretarymcmeham@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2025/40/27517/I/88/6 दि. 05.07.24

## उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

### Tender Notice


Sr. Divisional Materials Manager, Northern Railways, Ambala Cantt-133001 for and behalf of the President of India, invites Tender through E-Procurement System (www.ireps.gov.in) for the supply of the below item.

| S. N. | Description |
|---|---|
| | **E-Tender No.:** (For S.No. 01 to 04) 98245359 |
| 01 | आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/2013/ईएम/स्पेक/0016 के अनुसार प्लेटफॉर्म से एफओबी तक यात्रा करने के लिए यात्री एलिवेटर (लिफ्ट) मशीन रूमलेस (जी +1) का डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग सभी प्रकार से पूर्ण है। (रेव.1)–2019 या नवीनतम। लिफ्ट का विस्तृत विवरण अनुबंध–ए और अनुबंध–1 के रूप में संलग्न किया गया है। (वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख के 12 महीने बाद) (निरीक्षण एजेंसीः टीपीआई स्टेज इंस्पेक्टरः नहीं स्टेजः0) |
| 02 | स्थापित लिफ्टों का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी)। सीएएमसी आरडीएसओ विशिष्टता संख्या के अनुसार आवधिक सविसिंग, रखरखाव, लिफ्टों की मरम्मत, प्रथम वर्ष (प्रथम वर्ष) के लिए सभी स्पेयर, सामग्री और श्रम लागत सहित कवर करेगी। RDSO Spec.No.RDSO/2013/EM/SPEC/0016 (Rev."I")-2019 या नवीनतम। सीएएमसी की विस्तृत शर्तें अनुलग्रक–बी के रूप में संलग्न की गई हैं। सीएएमसी दरें प्रति लिफ्ट के लिए हैं। (इंसेक्शन एजेंसीः CONSG स्टेज इंस्पेकटरः नहीं स्टेजः0) |
| 03 | स्थापित लिफ्टों का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी)। सीएएमसी आरडीएसओ विशिष्टता संख्या के अनुसार आवधिक सविसिंग, रखरखाव, लिफ्टों की मरम्मत, जिसमें दूसरे वर्ष (द्वितीय वर्ष) के लिए सभी स्पेयर, सामग्री और श्रम लागत शामिल होगी, को कवर करेगी। RDSO Spec.No.RDSO/2013/EM/SPEC/0016 (Rev."I")-2019 या नवीनतम। सीएएमसी की विस्तृत शर्तें अनुलग्रक–बी के रूप में संलग्न की गई हैं। सीएएमसी दरें प्रति लिफ्ट के लिए हैं। (इंसेक्शन एजेंसीः CONSG स्टेज इंस्पेकटरः नहीं स्टेजः0) |
| 04 | स्थापित लिफ्टों का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी)। सीएएमसी आरडीएसओ विशिष्टता संख्या के अनुसार तीसरे वर्ष (तृतीय वर्ष) के लिए आवधिक सविसिंग, रखरखाव, लिफ्टों की मरम्मत, सभी स्पेयर, सामग्री और श्रम लागत को शामिल करेगा। RDSO Spec.No.RDSO/2013/EM/SPEC/0016 (Rev."I")-2019 या नवीनतम। सीएएमसी की विस्तृत शर्तें अनुलग्रक–बी के रूप में संलग्न की गई हैं। सीएएमसी दरें प्रति लिफ्ट के लिए हैं। (इंसेक्शन एजेंसीः CONSG स्टेज इंस्पेकटरः नहीं स्टेजः0) |

**Qty.:** (For S.No. 01 to 04): 03 Nos
**Tender Closing date & Time:** (For S.No. 01 to 04): 31.07.2024 at 11.00 hrs.
**EMD (Rs.) :** (For S.No. 01 to 04): 132860.00
**Note:** 1. Vendors may visit the IREPS website i.e. **www.ireps.gov.in** for details. 2. No manual offer will be entertained.
**E-Tender Notice No. 98245359**
**Dated: 05.07.2024**
2051/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शब्द पहेली - 5563




**बाएँ से दाए-**
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट, शर्ट-3
6. लाख, गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान, रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा, उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष, बरस-2
18. लय, स्वर-2
19. गदर, बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर, घमंड-4
24. राजा, सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ, फिजूल-3
28. चतुर्थ, चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत, जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर, थाती-4
15. तरंग, हिलोर-3
16. निरंकुश, मुंहजोर-4
17. किनारा, तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया, जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान, शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर, भगवान-2
28. प्रेम, लगन-2

### शब्द पहेली -5562 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बं | दा | न | वा | ज | | आ | स | मा | न |
| न | दी | | र | | ल | बा | दा | | र | जा |
| व | | ज | म | ज | म | | ब | री | | क |
| जी | म | ना | | | ह | ठ | | ता | क | त |
| व | | चा | | जे | ल | | पे | | ता | |
| न | ग | र | से | ठ | | फ | ट | का | र | ना |
| | री | | ना | | स | ना | | रो | | म |
| सु | ब | ह | | दा | म | | | बा | री | क |
| र | | क | श | | झ | न | का | र | | र |
| ता | प | | प | र | दा | | म | | क | ण |
| ल | थ | प | थ | | र | च | ना | का | र | |



# विराट-रोहित के बिना जिम्बाब्वे के खिलाफ नई शुरुआत करेगी भारत की युवा टीम

## पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला का पहला मैच आज शाम 4.30 बजे

एजेंसी ▶▶| हरारे

रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना की युवा ब्रिगेड जिम्बाब्वे के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में उतरेगी। इस प्रारूप में यह भारतीय क्रिकेट के नए दौर का सूत्रपात भी होगा। भारत में टी20 विश्व कप की जीत के सतत जारी जश्न के बीच शुभमन गिल की कप्तानी वाली आईपीएल सितारों से सजी यह युवा टीम जीत का अपना सिलसिला शुरू करना चाहेगी।

आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले पंजाब के अभिषेक शर्मा और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले असम के रियान पराग इस श्रृंखला के जरिए पदार्पण करेंगे।

### रोहित-कोहली रिटायर

पिछले कुछ साल में रोहित और कोहली टी20 क्रिकेट में कई द्विपक्षीय श्रृंखलाओं से बाहर रहे हैं। अब टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दोनों के संन्यास के बाद उनकी कमी जरूर खलेगी। इसकी भरपाई करना तो मुश्किल है लेकिन फिर परिवर्तन संसार का नियम है।





### 2026 तक खेलना है 34 मैच

शिवम दुबे, संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल तीसरे मैच से ही उपलब्ध होंगे। भारत के भावी टी20 कप्तान हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव भी भविष्य में इस प्रारूप में लौटेंगे लिहाजा अंतिम एकादश में ज्यादा जगह खाली नहीं है। अब से 2026 टी20 विश्व कप तक भारतीय टीम इस प्रारूप में 34 मैच खेलेगी।

### भारतीय खिलाड़ियों की लाइनअप

कप्तान गिल पारी का आगाज करेंगे और देखना होगा कि उनके अजीज दोस्त अभिषेक शर्मा को पदार्पण का मौका मिलता है या चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ खेलते हैं। अभिषेक पारी की शुरुआत करते हैं तो गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं। पराग चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं लिहाजा उनके चयन की संभावना अधिक है। टी20 क्रिकेट के आक्रामक फिनिशर रिंकू सिंह पांचवें नंबर पर उतर सकते हैं जबकि छठे नंबर पर जितेश शर्मा या ध्रुव जुरेल को उतारा जा सकता है। गेंदबाजी में आवेश खान और खलील अहमद का खेलना तय है जबकि डैथ ओवरों के खतरनाक गेंदबाज मुकेश कुमार तीसरे तेज गेंदबाज होंगे। दुबे के आने तक वॉशिंगटन सुंदर को मौका मिल सकता है।

### संभावित टीमें

**भारत (पहले दो मैच) :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साइ सुदर्शन, जितेश शर्मा, हर्षित राणा।

**जिम्बाब्वे :** सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया , क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारूमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स , एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा।

---

## खबर संक्षेप



### खिताब की हैट्रिक से एक जीत दूर आडवाणी

**रियाद।** भारत के क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी एशियाई बिलियडर्स में हैट्रिक बनाने के करीब हैं जिन्होंने हमवतन सौरव कोठारी को 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आडवाणी ने हर फ्रेम में 100 का स्कोर किया। उन्होंने 100-29, 100-33, 101-38, 100-21, 100-0 से जीत दर्ज की। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में उन्होंने भारत के ही श्रीकृष्णा सूर्यनारायणन को 5-0 से हराया था।

### प्रागी ने कारुआना को ड्रॉ पर रोका

**बुकारेस्ट।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में अमेरिका के फेबियानो कारुआना से ड्रॉ खेला जबकि विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने नीदरलैंड के अनीश गिरि से बाजी बराबरी पर खत्म की। चौथी बार एक भी मुकाबले का नतीजा नहीं निकला और सभी बाजियां ड्रॉ रही। कारुआना ने दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट में आधा अंक की बढ़त बना रखी है। आठ मुकाबलों में पांच अंक लेकर कारुआना शीर्ष पर हैं जबकि प्रज्ञानानंदा, गुकेश और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा उनसे आधा अंक पीछे हैं।



### एशियाई युगल स्क्वाश के पहले दिन जीते अभय

**नई दिल्ली।** अभय सिंह ने मलेशिया के जोहोर में चल रही एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के पहले दिन भारतीय चुनौती की अगुवाई करते हुए अपने दोनों वर्गों में जीत दर्ज की। भारतीय दल ने पांच में से चार मुकाबले जीते। अभय और वेलावन सेंथिलकुमार ने फिलीपीन के डेविड पेलिनो और रेमार्क बेगोर्निया को पुरुष युगल में 2-0 से हराया। वहीं अभय और जोशना चिनप्पा ने मिश्रित युगल में फिलीपीन के वोन्ने डालिडा और बेगोर्निया को 11-4, 11-3 से मात दी। इसके बाद सिंगापुर की नैशा सिंह और एंडर्स ओंग वी जुन को 11-3, 11-6 से हराया।



### पाक करेगा इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश की मेजबानी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अंतिम समय में अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला घोषित करने की परंपरा से हटते हुए शुक्रवार को पुष्टि की कि पुरुष टीम 2024-25 सत्र में इंग्लैंड के खिलाफ 'हाई प्रोफाइल' श्रृंखला सहित नौ टेस्ट, 14 वनडे और नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। पाकिस्तान इस साल अक्टूबर में तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगा जबकि बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के दौरे भी कैलेंडर में शामिल हैं। पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने कहा, 'ये श्रृंखलाएं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान का स्थान मजबूत करने के लिए हमारी रणनीति का अहम हिस्सा है।'

---

**फुटबॉल : क्वार्टर फाइनल में इक्वाडोर को 4-2 से हराया**

# मेसी शूटआॅउट में गोल से चूके, अर्जेंटीना ने कोपा अमेरिका के अंतिम-4 में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| टेक्सास

गत चैंपियन अर्जेंटीना ने एक रोमांचक मुकाबले में इक्वाडोर को हराकर कोपा अमेरिका 2024 के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, टेक्सास के एनआरजी स्टेडियम में क्वार्टर फाइनल में लियोनेल मेसी की पेनल्टी तब बुरी तरह से गलत साबित हुई जब मैच शूटआउट तक पहुंच गया, जिसके बाद खेल 1-1 से बराबरी पर आ गया। अर्जेंटीना ने शूटआउट में 4-2 से जीत हासिल की।

अर्जेंटीना की ओर से पहला पेनल्टी शूट मेसी ने किया और अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाने का लक्ष्य बनाया। मौजूदा टूर्नामेंट में चोटों से जूझ रहे अर्जेंटीना के कप्तान ने गेंद को नेट में डालने का साहसिक प्रयास किया। हालांकि, मेसी का प्रयास विफल हो गया क्योंकि उनका शॉट क्रॉसबार के ऊपर से टकराकर इक्वाडोर के गोलकीपर के पास चला गया। अंत में, मेसी की चूक का असर उनकी टीम पर नहीं पड़ा क्योंकि गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने गोल बचा लिया। मार्टिनेज ने मेना के इक्वाडोर के पहले पेनल्टी प्रयास को बचाया और एलन मिंडा के गोल को भी रोका जिससे अर्जेंटीना ने बढ़त बनाई और शूटआउट में 4-2 से जीत हासिल की।



### मेसी ने दागा पहला गोल

रेगुलेशन टाइम की बात करें तो मेसी ने मुकाबले का पहला गोल किया, जिसके बाद लिसेंड्रो मार्टिनेज ने फिनिशिंग टच दिया। हालांकि, इक्वाडोर ने वापसी की और दूसरे हाफ में जोशपूर्ण संघर्ष दिखाया, जिसके परिणामस्वरुप स्टॉपेज टाइम में केविन रोड्रिगेज ने गोल किया। इस साल के कोपा अमेरिका में कोई अतिरिक्त समय नहीं होने के कारण मैच शूटआउट में चला गया, जहां मार्टिनेज अर्जेंटीना के लिए हीरो रहे। अब सेमीफाइनल में अर्जेंटीना का सामना वेनेजुएला या कनाडा से होगा।

### कोच जीत से खुश नहीं

अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने कहा, 'पेनल्टी में टीम को अपने गोलकीपर पर पूरा भरोसा होता है और यही सबसे बड़ी बात है।' 'लियो के चूकने के बाद और टीम के लिए इसका मतलब यह है कि हमारे गोलकीपर ने अच्छा प्रदर्शन किया। 'मुझे लगता है कि जब आप इस तरह से जीतते हैं तो यह आनंददायक नहीं होता। बेशक, हम खुश हैं, लेकिन मुझे इस जीत का आनंद नहीं आया।'


---

**विजेताओं का सम्मान**

## महाराष्ट्र टी-20 विश्व कप विजेता टीम को देगा 11 करोड़

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के लिए शुक्रवार को 11 करोड़ रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की। यह घोषणा यहां विधान भवन में की गई जहां भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को सम्मानित किया गया। शिंदे ने अपने भाषण में विश्व कप में टीम की चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर मिली जीत के अलावा सूर्यकुमार के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच में लिए गए शानदार कैच की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने सहयोगी टीम के सदस्य



पारस म्हाम्ब्रे और अरुण कनाडे के योगदान की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने मुंबई पुलिस की गुरुवार को विजय परेड के दौरान भीड़ प्रबंधन की भी सराहना की। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री अजीत पवार और देवेंद्र फडनवीस भी मौजूद थे।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप-135002 द्वारा फर्मो को निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:-

| क्र0सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 61245783 | किट फॉर एल एच बी ब्रेक कैलिपर | 900 नग | 05 अगस्त 2024 |
| **क्र0सं0** | **बिड संख्या** | **संक्षिप्त विवरण** | **मात्रा** | **बंद होने की तिथि** |
| 02 | GEM/2024/B/5126578 | मैनपावर आउटसोर्सिंग सर्विसेज | एस पर बिड दौकुमेंट | 25 जुलाई 2024 |

निविदा शर्ते-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी **www.gem.gov.in** and **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी। **टेंडर नोटिस सं: 61245783 and जेम बिड संख्या GEM/2024/B/5126578**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2044/24

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना**

वरि. मंडल, विद्युत अभियंता/क.वि./उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को 15:00 बजे तक **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किया जा सकता है। इनको 15:00 बजे के उपरांत तत्काल खोला जाएगा।

| निविदा संख्या | कार्य का विवरण | |
|---|---|---|
| ETrU-T-09-2023-24-04 | **कार्य का विवरण:** अंबाला डिवीजन में वंदे भारत ट्रेन के रखरखाव के संबंध में चंडीगढ़ में आइसोलेशन सुविधा के साथ वॉशिंग लाइन 1 और 2 के विद्युतीकरण के संबंध में 25 केवी एसी 50 हर्ट्ज ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग हेतु कार्य। | **निविदा बंद/खुलने की तिथि:** 29.07.2024<br>**लगभग लागत:** ₹1,50,41,235.07<br>**धरोहर राशि:** ₹2,25,200/-<br>**कार्य पूरा करने की अवधि:** 06 महीने<br>**वैधता अवधि:** 60 दिन |

**निविदा फार्म की कीमत:** Downloading through IREPS, portal-NIL - ₹5,000/- (Sr. DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए)

1. निविदाकार को सभी जरूरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। 2. निविदाकार के पास ई-निविदा में भाग लेने के लिए Class-III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। 3. कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। 4. कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागू हैं एवं इस प्रकार हैं, **"Design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, Single phase 25 KV AC OHE"** 5. टेंडर डाक्यूमेंटस एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जायें।

**सं.: ETrU-T-09-2023-24-04 दिनांक: 05.07.2024** 2054/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

---

**पेरिस ओलंपिक : मोदी बोले**

## चकाचौंध में खोना नहीं दबाव बिना खेलना

**प्रधानमंत्री मोदी ने ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से की बात**



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक जा रहे भारतीय खिलाड़ियों को जीत हार का दबाव नहीं लेते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की सलाह देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन्हें ओलंपिक की चकाचौंध में खोए बगैर अपना फोकस बनाए रखना है। प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से शुक्रवार को व्यक्तिगत और आनलाइन बातचीत में कहा, 'मेरी कोशिश रहती है कि खेल जगत से जुड़े देश के सितारों से मिलता रहूं, नई चीजें जानता रहूं और उनके प्रयासों को समझता रहूं। मेरी कोशिश सभी से सीधे बात करने की होती है।'प्रधानमंत्री के साथ बातचीत में हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह, गोलकीपर पी आर श्रीजेश , तीरंदाज दीपिका कुमारी, पहलवान अंतिम पंघाल, निशानेबाज मनु भाकर, रमिता जिंदल, चौदह वर्ष की तैराक धिनिधि देसिंघु के अलावा आनलाइन जुड़ने वालों में ओलंपिक और विश्व चैंपियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और मुक्केबाज निकहत जरीन समेत लगभग 90 खिलाड़ी शामिल थे।

### 2036 का दावा मजबूत करेंगे आपके अनुभव

प्रधानमंत्री ने कहा, 'भारत की कोशिश है कि हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करें। इससे भी बड़ा माहौल बनता है और हम प्रयास कर रहे हैं। बुनियादी ढांचा तैयार करने पर विशेषज्ञ काम कर रहे हैं। मैं ओलंपिक से पहले नहीं लेकिन बाद में वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने का आपसे आग्रह करूंगा। आप लोग भी खेल के बाद वहां व्यवस्थाएं क्या हैं, उसे देखें। खिलाड़ियों से जो इनपुट मिलेगा, वह 2036 के लिए काम आएगा। आप यह देखकर आएंगे तो हमें बहुत सुविधा होगी।'


---

## राजावत क्वार्टर फाइनल में, त्रिसा-गायत्री भी जीते

### जापान के ताकुमा ओबायाशी को सीधे गेम में हराया

एजेंसी ▶▶| कैलगरी

भारत के उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जापान के ताकुमा ओबायाशी को सीधे गेम में हराकर कनाडा ओपन एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने 33वीं रैंकिंग वाले ओबायाशी को 38 मिनट में 21-19, 21-11 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से होगा। महिला युगल में तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। उन्होंने डेनमार्क की नताशा एंथोनिसेन और नीदरलैंड की एलिसा टी को अंतिम 16 के मुकाबले में 17-21, 21-7, 21-8 से हराया। अब उनका सामना चीनी ताइपै की पेइ एस सियेह और एन जू हंग से होगा। अनुपमा उपाध्याय और तान्या हेमंत की



जोड़ी दूसरे दौर में हार गई। पुरुष युगल में कृष्ण प्रसाद गारागा और के साई प्रतीक को भी पराजय का सामना करना पड़ा जबकि मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रुत्विका गाड्डे की जोड़ी हार गई।

## ब्रिट्स और काप के अर्धशतक, दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 12 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम ने तजमिन ब्रिट्स (81 रन) और मारिजने काप (57 रन) के अर्धशतकों की मदद से शुक्रवार को यहां पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत को 12 रन से शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनायी। ब्रिट्स ने 56 गेंद का सामना करते हुए अपनी पारी में 10 चौके और तीन छक्के जड़े जबकि काप ने 33 गेंद की पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने 189 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में भारतीय टीम जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 53 रन) के अर्धशतक के बावजूद चार विकेट पर 177 रन ही बना सकी। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (18 रन) और स्मृति मंधाना (46 रन) ने पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी निभाकर भारत को अच्छी शुरूआत करायी। लेकिन अयाबोंगा खाका ने शेफाली को आउट कर पहला झटका दिया। मंधाना अच्छा खेल रही थीं लेकिन क्लो ट्रायोन की गेंद उनके बल्ले का किनारा लेते हुए विकेटकीपर के हाथों में चली गयी और भारत ने अपना दूसरा विकेट गंवा दिया। मंधाना ने 30 गेंद की पारी में सात चौके और दो छक्के लगाये। दयालन हेमलता (14 रन) ज्यादा देर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकीं और 17 गेंद खेलने के बाद नाडिने डि क्लर्क का शिकार हुईं।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका कलानौर | नई अनुमोदित कॉलोनी, तहसील कॉलोनी एक्सटेंशन, नगर पालिका कलानौर में इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक्स का प्रावधान व बिछाना + 3 कार्य। | 04.07.2024 11.07.2024 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 secy-kalanaur@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27541/I/88/6 दि. 05.07.24

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | गांव देसुजोधा जिला सिरसा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में वैद्युत स्थापना और स्ट्रीट लाइट्स का प्रावधान + 1 कार्य। | 04.07.2024 12.07.2024 | 78.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812100311 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27539/I/88/6 दि. 05.07.24

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका बावल | नायचाना रोड कॉलोनी, नगर पालिका बावल में नई अनुमोदित कॉलोनी में विकास कार्य। | 25.06.2024 11.07.2024 | 61.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901202433 secy.mc.bawal@gmail.com |
| 2 | नगर पालिका बावल | संत कबीर कॉलोनी, नगर पालिका बावल में नई अनुमोदित कॉलोनियों में विकास कार्य। | 25.06.2024 11.07.2024 | 83.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901202433 secy.mc.bawal@gmail.com |
| 3 | नगर पालिका बावल | नगर पालिका बावल में ब्लॉक पब्लिक हैल्थ यूनिट (बीपीएचयू) का निर्माण। | 04.07.2024 15.07.2024 | 59.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901202433 secy.mc.bawal@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/60/27538/I/88/6 दि. 05.07.24

## चिंतन

# कीर के सामने होगी भारत से रिश्ते सुधारने की चुनौती

ब्रिटेन में सत्ता परिवर्तित हो गई है। पिछले 14 वर्ष से अधिक समय से सत्तासीन कंजर्वेटिव पार्टी को करारी हार मिली है, जबकि प्रमुख विरोधी दल लेबर पार्टी को प्रचंड जीत मिली है। भारतीय मूल के ऋषि सुनक के प्रधानमंत्रित्व में यूनाइटेड किंगडम में कंजर्वेटिव पार्टी की सरकार थी। सुनक ऐसे समय में पीएम बने थे, जब यूके की अर्थव्यवस्था नाजुक दौर से गुजर रही थी, महंगाई चरम पर थी। इस हालात के कारण ही उनके पूर्ववर्ती लिज ट्रस महज 40 दिन ब्रिटेन की पीएम रह पाई थीं, उससे पहले बोरिस जॉनसन सत्ता संभाल रहे थे, पार्टीगेट कांड के चलते बोरिश को पद छोड़ना पड़ा था। सुनक कठिन समय में आकर ब्रिटेन को संभाला। वे अर्थव्यवस्था को पटरी पर लेकर आए, महंगाई पर अंकुश लगाया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। कंजर्वेटिव या टोरी सरकार पर भ्रष्टाचार, अनियमितताओं के आरोप लगने लगे थे। ये आरोप बढ़ते ही जा रहे थे। ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) की समस्या और प्रवासी समस्या से सुनक सरकार ठीक से नहीं निपट पा रही थी। इसके साथ ही 14 वर्ष की एंटीइन्कम्बेन्सी का भी सुनक को सामना करना पड़ा। एक यह भी कारण लगता है कि हिंदुत्व के प्रति मुखर होकर अपनी बात रखने के चलते बहुसंख्यक मतदाता के बीच सुनक ने अपनी चमक खोई हो। इस तरह अनेक कारण थे कि कंजर्वेटिव पार्टी को 200 वर्ष की सबसे बड़ी शिकस्त मिली। लेबर पार्टी के कलेवर व तेवर बदलने वाले कीर स्टॉर्मर को प्रचंड जनादेश का मतलब साफ है कि ब्रिटिश जनता कंजर्वेटिव सत्ता से उब चुकी थी और बदलाव चाहती थी। अब यूके की कमान 61 वर्षीय कीर स्टॉर्मर के हाथ में होगी, लेकिन उनके लिए यह कांटों भरा ताज होगा। ब्रिटेन की आर्थिक हालत ठीक नहीं है, सिस्टम में भ्रष्टाचार व्याप्त है, अवैध प्रवासियों की समस्या है, महंगाई उच्च स्तर पर है, बेरोजगारी बढ़ी है, एनएचएस अस्पतालों में कम सम कम 44 दिनों की प्रतीक्षा है, टैक्स के मुद्दे हैं, ब्रेग्जिट (यूरोपीय यूनियन से अलग होने) के बाद के प्रभाव उबरना है। इन सबसे स्टॉर्मर सरकार को निपटना होगा। यूके पर अमेरिका का पिछलग्गू होने का ठप्पा लगा हुआ है। ब्रिटेन के नए पीएम कीर स्टॉर्मर को नए सिरे से ब्रिटेन को संभालना होगा और जनता के लिए राहत की जमीन तैयार करनी होगी। बड़ा सवाल है कि नए ब्रिटिश पीएम कीर स्टॉर्मर की सरकार की भारत के साथ किस तरह के संबंध होंगे? पूर्व में लेबर पार्टी के मुखिया रहे जर्मी कॉर्बिन के कश्मीर के खिलाफ विवादास्पद बयानों के चलते उनकी पार्टी के भारत से संबंध तल्ख रहे हैं। हालांकि कीर स्टॉर्मर की राय जर्मी के समय भी अलग थी, वे भारत के महत्व को अधिक समझते थे। इसलिए जब वे लेबर पार्टी के मुखिया बने, तब से उनकी पार्टी ने कोई भी भारत विरोधी बयान नहीं दिया। स्टार्मर ने अपनी पार्टी को जनादेश मिलने पर भारत संग मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) समेत नई रणनीतिक साझेदारी का संकल्प जताया था। एफटीए अंतिम चरण में है। उम्मीद है जुलाई में इस पर हस्ताक्षर हो जाएंगे। कीर के लिए यह भारत से संबंध सुधारने का मौका भी होगा। लेबर पार्टी ने अपने घोषणापत्र में भारत के साथ सुरक्षा, शिक्षा, प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने का वादा किया है। इस चुनाव में दो दर्जन से अधिक भारतीय मूल के लोगों को जीत मिली है, स्टॉर्मर को ब्रिटिश भारतीयों के साथ अपनी पार्टी के रिश्ते को नए सिरे से आकार देने की कोशिश करनी होगी। कीर काल में भारत-ब्रिटेन के रिश्ते बेहतर होने की उम्मीद कर सकते हैं।

## सारा संसार



भारत के मध्यप्रदेश राज्य में कटनी से करीबन 34 किलोमीटर की दूरी पर मुहास गांव में स्थित हनुमान का मंदिर भारत के प्रसिद्ध चमत्कारी मंदिर में से एक है।

## उपलब्धि

योगेश कुमार गोयल



# अहम खोजें कर रहा चंद्रयान-3

इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन के जरिये 23 अगस्त 2023 को अंतरिक्ष क्षेत्र में एक अविस्मरणीय अध्याय लिखते हुए ऐसा स्वर्णिम इतिहास रचा था। चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम ने चांद के दक्षिणी ध्रुव के मैन्जिनस सी और सिम्पेलियस एन क्रेटर के बीच 70.8 डिग्री दक्षिण अक्षांश पर लैंडिंग की थी, जो दक्षिणी ध्रुव से करीब 600 किलोमीटर दूर स्थित है। भारत को छोड़कर अभी तक दुनिया का कोई भी देश ऐसा नहीं है, जो चांद के दक्षिणी ध्रुव को छू सका हो। चंद्रयान-3 ने चांद से जुड़ी कई अहम जानकारियां इसरो के वैज्ञानिकों तक पहुंचाई हैं, जिसने चांद को समझने में अहम योगदान दिया है। हाल ही में इसरो ने चंद्रयान-3 के रोवर को लेकर खुशखबरी देते हुए बताया है कि प्रज्ञान रोवर ने बहुत महत्वपूर्ण जानकारी भेजी है, जिससे प्राप्त निष्कर्षों के अनुसार विक्रम लैंडर के जरिये चंद्रमा पर पहुंचे प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा के शिवशक्ति बिंदु के पास कई अहम खोजें की हैं, जो उस इलाके में मौजूद चंद्रमा की चट्टानों के टुकड़ों और उनकी उत्पत्ति से जुड़ी हुई हैं। इसरो के मुताबिक प्रज्ञान रोवर ने लैंडिंग स्थल पर छोटे गड्ढों के रिम, दीवार, ढलानों और फर्श के आसपास फैले छोटे चट्टान के टुकड़े देखे। इसरो के वैज्ञानिकों का मानना है कि प्रज्ञान रोवर द्वारा की गई इस खोज के ये परिणाम चंद्र अन्वेषण में बेहद महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकते हैं क्योंकि ये उन पिछले अध्ययनों का समर्थन करते हैं, जो चंद्र रेगोलिथ के अंदरूनी हिस्से में चट्टान के टुकड़ों के धीरे-धीरे मोटे होने का अनुमान लगाते हैं। वैज्ञानिकों ने अब यह खुलासा किया है कि चंद्रयान-3 की नई खोज में पता चला है कि जब प्रज्ञान रोवर शिवशक्ति बिंदु के पश्चिम की ओर करीब 39 मीटर आगे बढ़ा था तो वहां पर जो चट्टानें उसे मिली, उनकी संख्या और आकार में काफी बढ़ोतरी थी। चंद्रमा पर चलने के दौरान, प्रज्ञान को चट्टान के छोटे-छोटे टुकड़े मिले थे, जिनकी लंबाई एक सेंटीमीटर से लेकर 11.5 सेंटीमीटर तक है। खोज में यह भी पता चला है कि इन चट्टानों में से किसी का भी व्यास दो मीटर से ज्यादा नहीं था। अध्ययन के अनुसार शिवशक्ति बिंदु के पश्चिम में मौजूद करीब दस मीटर व्यास का गड्ढा इन चट्टानों का स्रोत हो सकता है। इसी ने चट्टानों को आसपास के इलाकों में फिर से विभाजित कर दिया, जो समय के साथ वहीं दब गई, लेकिन प्रज्ञान ने इन्हें ढूंढ निकाला। वैज्ञानिकों के मुताबिक प्रज्ञान द्वारा की गई इस महत्वपूर्ण खोज के बाद अब उस इलाके में मौजूद चांद की चट्टानों के बारे में पूरी जानकारी हासिल हो सकती है और ऐसे में दुनियाभर के वैज्ञानिकों के लिए चांद को समझना अब और आसान हो जाएगा। चंद्रयान-3 मिशन का उद्देश्य चांद से चट्टानों के टुकड़े या अन्य नमूने धरती पर लाना नहीं था, बल्कि इसे निर्धारित अवधि तक चांद पर रहकर ही अनुसंधान करने के लिए डिजाइन किया गया था और इस मिशन की सफलता भारत के लिए बड़े गर्व का विषय है। हालांकि हाल ही में चीन चंद्रमा से मिट्टी और चट्टानों के कुछ टुकड़ों सहित कुछ नमूने धरती पर लाने में सफल हुआ है। अब इसरो जोर-शोर से चंद्रयान-4 मिशन को अंजाम देने के कार्य में जुट गया है। हाल ही में इसरो चीफ एस सोमनाथ ने कहा भी है कि 'चंद्रयान-4' 'शिव शक्ति' बिंदु से पृथ्वी पर चंद्र नमूने वापस लाएगा। बहरहाल, यदि इसरो चंद्रयान-4 मिशन के जरिये चांद के दक्षिणी ध्रुव से चट्टानों, मिट्टी सहित अन्य तत्वों के नमूने धरती पर लाने में सफल रहता है तो इसरो के इतिहास में यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी और इसरो का यह मिशन उसकी अंतरिक्ष उड़ान में मील का पत्थर साबित होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



ब्रिटिश चुनाव

भावना सिंह

# 14 वर्ष बाद लेबर युग की वापसी

ब्रिटेन के आम चुनाव में निःसंदेह लेबर पार्टी के लिए ये जीत करिश्माई है। उम्मीदों को सच करने वाली, अभिलाषाओं को जीवित करने वाली और नए इतिहास और संविधान को स्थापित करने वाली है। नई सरकार पर उम्मीदों का पहाड़ है। चरमराई अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती के अलावा विभिन्न देशों के साथ संबंध सुधारने की परीक्षा। पनपते नए किस्म के आतंकवाद से निपटना, अमेरिका की बिलावजह दखलदांजी को रोकना, ऊर्जा स्रोतों को स्थानीय स्तर पर खोजना, गैस और प्राकृतिक संसाधनों का उत्सर्जन करना। भारत के साथ मधुर हुए संबंधों को यथावत रखना किसी चुनौती से कम नहीं होगा।

ब्रिटेन में बेशक कड़ाके की ठंड पड़ रही हो, लेकिन आम चुनावों के परिणामों ने अचानक मौसम को गर्मा दिया है। वहां की राजनीति के इतिहास में एक नया पन्ना लिखा जाएगा, क्योंकि वहां पर सियासत की नई सुबह का आगाज हुआ है। चुनाव का ऐसा रिजल्ट, जिसकी कल्पना तक किसी ने नहीं की थी। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने भी नहीं सोचा होगा। ब्रिटेन वासियों ने तकरीबन एक तरफा फैसला विपक्ष के हक में सुना डाला है। चुनाव में विजय हासिल करने वाली 'लेबर पार्टी' ने ब्रिटेन के सियासी इतिहास में पूर्व में जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं। रिजल्ट देखकर पार्टी प्रमुख कीर स्टार्मर फूले नहीं समा रहे और समाना चाहिए भी नहीं? आखिर उनका सपना जो सच हो रहा है। प्रधानमंत्री का ताज उनके सिर पर सजेगा। ब्रिटेन की नेशनल असेंबली में अभी तक वह नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में थे। विपक्ष के तौर पर उन्होंने जो जनकल्याणी मुद्दे कुरेदे। उनको देशवासियों ने पसंद किया और वे उन मुद्दों से काफी प्रभावित और आकर्षित भी हुए। चुनावी समर में उन्होंने जनता से जो जमीनी वादे किए, उन्हें लंदन के मतदाताओं ने सिर आंखों पर उठाया। जनता ने आंख मूंदकर विश्वास किया। फिलहाल उन सभी वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी अब नए सरताज के कंधों पर है। चुनौतियां हजार हैं, लेकिन उन्हें खुद पर विश्वास है कि वे इस सफर पर आने वाली तमाम चुनौतियों का बखूबी सामना कर लेंगे।

भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है, क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट दिया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय 'नॉर्थलेरटन' सीट से जीते हों, पर बहुत कम अंतर से? इस चुनाव में उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी जिसमें मानो सत्तापक्ष असहाय होकर बह गया हो। ऋषि सुनक भी मात्र 23,059 वोटों से ही जीते हैं। वरना, शुरुआती रुझानों में उनकी भी हालत और भी खराब रही थी। वे शुरूआत के दो राउंड तक तो पीछे ही रहे थे। ताज्जुब वाली बात ये है कि 'नॉर्थलेरटन' वह क्षेत्र है, जहां सुनक स्वयं रहते हैं और भारतीयों की संख्या भी अच्छी-खासी है। बाकायदा उनके घर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ होता है, लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा भारतीय तीज-त्योहारों पर लोगों को जुटना होता है। ऐसे मौकों पर तरह-तरह के भारतीय व्यंजन पकते हैं, पर वो लोग-समर्थक भी उनसे छिटक गए। ऋषि के ज्यादातर मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ प्रमुख नेता भी चुनाव में चित हो गए। कई उम्मीदवारों की तो जमानतें भी जब्त हुई हैं। लंदन और भारत के मौजूदा चुनावों ने एक बात ये बता दी है कि मतदाताओं के



मिजाज को पढ़ना अब आसान नहीं? कोई नेता या दल इस मुगालते में न रहे हैं कि फलां समुदाय या मतदाता उनका है?

बहरहाल, ब्रिटेन में आए चुनाव नतीजे एग्जिट पोल के मुताबिक ही रहे। कुल सीटें 650 हैं जिनमें एग्जिट पोल में लेबर पार्टी को 410 सीट मिलने का अनुमान था। कमोबेश, फाइनल नतीजे उसके आसपास ही रहे हैं। आए नतीजों को देखकर लेबर पार्टी चमत्कार मान रही है। जैसे, दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों को देखकर खुद अरविंद केजरीवाल हक्के-बक्के रह गए थे। ब्रिटेन चुनावों की सूनामी में ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी की एकदम उड़ गई। लेबर पार्टी ने 650 सीटों में से 400 पार के साथ 14 साल बाद प्रचंड वापसी की है। ब्रिटेन में चार जुलाई को आम चुनाव हुए थे। चुनावी मुद्दे कुछ ऐसे थे, जिनमें ऋषि सुनक घिर गए थे। दो प्रमुख मसले जिसमें पहला कोरोना में व्यवस्थाओं का चरमराना, वहीं दूसरा देश की अर्थव्यवस्था का ग्राफ नीचे खिसक जाना? इन दोनों मुद्दों को लेबर पार्टी ने अपना चुनावी कैंपेन बनाया था। भारत के साथ मित्रता और देशवासियों के हितों की अनदेखी करने का मुद्दा भी लंदन के चुनाव में खूब उछला। बहरहाल, ब्रिटेन की नई हुकूमत के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे? इस सवाल के अलावा बड़ा सवाल यह खड़ा हो चुका है कि आखिर भारतीयों का सुनक के प्रति मोहभंग हुआ क्यों? ऋषि के भारतीय मूल के होने पर प्रवासी भारतीयों को उन पर गर्व होता था, पर जब वोटिंग का समय आया, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीयों ने इमोशनल एंगल की जगह बदलने के लिए मतदान किया।


दरअसल इसे कंजर्वेटिव पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के 14 साल के शासन से उपजी निराशा मानी जा रही है। वैसे, दिल पर लेने की जरूरत इसलिए भी नहीं है, राजनीति में हार-जीत कोई बड़ी बात नहीं? बदलाव होते रहते हैं और होने भी चाहिए? किसी एक व्यक्ति या दल के पास सत्ता की चाबी ज्यादा समय तक जनता रखना भी नहीं चाहती। हमारे यहां हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भी दुनिया ने चमत्कारी बदलाव देखे हैं। हालांकि, ब्रिटेन में आम चुनावों के परिणामों के बाद वहां के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हार स्वीकार करते हुए और लंदनवासियों से माफी मांगते हुए लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ब्रिटेन के अगले शासक बनने के लिए दिल खोलकर बधाई दी है। राजनीतिक लोगों में ऐसे नैतिकता हमेशा रहनी चाहिए।

निःसंदेह लेबर पार्टी के लिए ये जीत करिश्माई है। उम्मीदों को सच करने वाली, अभिलाषाओं को जीवित करने वाली और नए इतिहास और संविधान को स्थापित करने वाली है। नई सरकार पर उम्मीदों का पहाड़ है। चरमराई अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती के अलावा विभिन्न देशों के साथ संबंध सुधारने की परीक्षा। पनपते नए किस्म के आतंकवाद से निपटना, अमेरिका की बिलावजह दखलदांजी को रोकना, उर्जा स्त्रोतों को स्थानीय स्तर पर खोजना, गैस और प्राकृतिक संसाधनों का उत्सर्जन करना, यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद बिगड़े कई मुल्कों से संबंधों को फिर से नई धार देना। भारत के साथ मधुर हुए संबंधों को यथावत रखना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। हालांकि स्टॉर्मर ने अपने पहले विजयी भाषण में सिर्फ अपने मुल्कवासियों को संदेश दिया है जिसमें उन्होंने कहा है कि 'मैं आपकी आवाज बनूंगा, आपका साथ दूंगा, हर दिन आपके लिए लड़ूंगा। उनके कहे उन शब्दों पर जनता ने खूब तालियां बजाई हैं। लंदन का एक तिहाई समर्थन उनके पक्ष में है। इस जनादेश और जनसमर्थन को सहेजना भी कठिन परीक्षा जैसा रहेगा।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित

**दर्शन**

अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं।

## अहंकार ही व्यक्ति की समस्याओं का कारण



संकलित

**प्रेरणा**

एक बार नारद मुनि ने कामदेव को पराजित कर दिया तो इस बात का घमंड हो गया। इसके बाद नारद जी जहां जाते, वहां अपनी तारीफ करने लगते। ऐसे ही एक दिन वे शिव जी के पास पहुंच गए। नारद जी ने शिव जी के सामने अपनी प्रशंसा करना शुरू कर दी। शिव जी नारद मुनि की बातें सुनकर समझ गए कि इन्हें अहंकार हो गया है। शिव जी से विदा लेकर नारद मुनि विष्णु जी के पास पहुंच गए और विष्णु जी के सामने अपनी तारीफ करनी शुरू कर दी। विष्णु जी के सामने नारद मुनि ने अहंकार दिखाया तो विष्णु जी ने तय किया कि नारद जी भक्त हैं और इनका घमंड करना सही नहीं है। इसके बाद विष्णु जी ने अपनी माया रची। नारद मुनि विष्णु जी के यहां लौट रहे थे तो उन्हें रास्ते में एक सुंदर राज्य दिखा। वे उस राज्य में पहुंचे तो वहां देखा कि एक राजकुमारी का स्वयंवर हो रहा है। राजकुमारी बहुत सुंदर थी। उसे देखकर नारद ही मोहित हो गए और तुरंत ही विष्णु जी के पास पहुंच गए। नारद मुनि ने विष्णु जी से कहा कि आप मुझे सुंदर रूप दे दीजिए। ताकि मैं उस स्वयंवर राजकुमारी से विवाह कर सकूं। इसके बाद नारद मुनि उस स्वयंवर में पहुंच गए। विष्णु जी ने नारद मुनि को बंदर का मुख दे दिया था। स्वयंवर में नारद पहुंचे तो वहां बंदर जैसे मुख की वजह से उनका बहुत अपमान हुआ। गुस्से में नारद मुनि ने विष्णु जी को शाप दे दिया, लेकिन जब उनका मन शांत हुआ तो उन्हें पूरी बात समझ आ गई। जब नारद का घमंड टूटा तो उन्होंने भगवान से क्षमा मांगी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्वामी विवेकानंद जी को आदर्श बनाएं युवा

चार जुलाई को स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि थी। उनका बचपन का नाम नरेंद्र दत्त था। रामकृष्ण परमहंस ने इन्हें प्रभु पूजा और मानवता की सेवा करने की शिक्षा दी और स्वामी जी ने इस शिक्षा का पालन करते हुए, अपना जीवन मानवता की सेवा में लगाया। रवींद्रनाथ टैगोर ने स्वामी विवेकानंद के बारे में कहा था, 'यदि आप भारत को जानना चाहते हैं, तो स्वामी विवेकानंद को पढ़िए। उनमें आप सब कुछ सकारात्मक ही पाएंगे, नकारात्मक कुछ भी नहीं।' स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज भी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरक हैं। स्वामीजी ने एक बार अपने भाषण में युवाओं से कहा था कि यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम् का नाश कर डालो।

- विकास वर्मा, महासमुंद

## करंट अफेयर

# इजराइल ने जेनिन शहर में सैन्य अभियान चलाया

इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसकी ओर से की जा रही आतंकवाद रोधी कार्रवाई में पश्चिमी तट के शहर जेनिन के इलाके में किया गया हवाई हमला भी शामिल है। फलस्तीन अधिकारियों ने बताया कि चार लोग मारे गए हैं। सेना ने कहा कि इजराइली सैनिकों ने उस इमारत को घेर लिया जहां आतंकवादी छिपे थे और इसके बाद सैनिकों ने जवाबी गोलीबारी की, जबकि एक हवाई हमले में क्षेत्र के "कई सशस्त्र आतंकवादियों को निशाना' बनाया गया। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि चार लोगों की मौत हुई है, लेकिन उनकी पहचान के संबंध में कोई जनकारी नहीं दी गई। जेनिन में यह झड़प इजराइल बस्ती विरोधी निगरानी समूह के एक दिन पहले दिये गये उस बयान के बाद हुई है जिसमें कहा गया था कि सरकार के कब्जे वाले पश्चिमी तट की बस्तियों में करीब 5300 नए घर बनाने की योजना है। जेनिन को उग्रवादियों के गढ़ के रूप में जाना जाता है जहां सेना अक्सर अभियान चलाती है।



## ऑफ बीट

# हृदय रोगियों को स्वास्थ्य प्रबंधन की जानकारी कम

एक नया अध्ययन हृदय रोगों के प्रबंधन में रोगी शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। हृदय संबंधी समस्याओं से जूझ रहे व्यक्तियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। हृदय संबंधी बीमारियाँ दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित कर रही हैं। जो मरीज़ हृदय संबंधी किसी घटना (जैसे कि दिल का दौरा) से गुज़रे हैं, वे अक्सर खुद को लक्षणों, दवाओं और जीवनशैली समायोजन के जटिल चक्रव्यूह से गुजरते हुए पाते हैं। इस यात्रा में रोगी शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हुए, शोधकर्ताओं की हमारी अंतरराष्ट्रीय टीम ने विश्व स्तर पर हृदय रोगियों की विशिष्ट सूचना आवश्यकताओं की पहचान करने की कोशिश की। हमारे अध्ययन में हृदय रोगियों की शीर्ष सूचना आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए एक मान्य पैमाने, कार्डियक रिहैबिलिटेशन (आईएनसीआर-एस) में सूचना आवश्यकताओं का उपयोग किया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सभी छह क्षेत्रों में फैले विभिन्न देशों में प्रशासित और विभिन्न आय वर्गों को शामिल करते हुए, पैमाने ने मरीजों की सूचना आवश्यकताओं का एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान किया।



## ट्रेंड

### सुनक का धन्यवाद



ऋषि सुनक यूके के आपके सराहनीय नेतृत्व और आपके कार्यकाल के दौरान भारत और यूके के बीच संबंधों को गहरा करने में आपके सक्रिय योगदान के लिए धन्यवाद। आपको और आपके परिवार को भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### धन को केंद्रित कर रहा एआई



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विनियमन से आगे निकल रहा है, शक्ति असंतुलन को बढ़ा रहा है, धन को और अधिक केंद्रित कर रहा है और मानवाधिकारों को कमजोर कर रहा है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### घोषणा करते हुए खुशी



यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पुरी की तरह, हम पश्चिम बंगाल में भी दीघा में भगवान जगन्नाथ के लिए एक गौरव-प्रेरक मंदिर परिसर का निर्माण कर रहे हैं। यहां भगवान, बलभद्र और सुभद्रा की पूजा भी होगी, रथयात्रा भी मनाई जाएगी।

-ममता बनर्जी, सीएम बंगाल

### सेल फोन यूजर्स पर भार



बिहार में डबल इंजन का अद्भुत खेल है, एक इंजन भ्रष्टाचार में लगा हुआ है और एक इंजन अपराध में लगा हुआ है। 15 दिन में 12 पुलों का गिरना कोई सामान्य घटना नहीं है। यह भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है।

-तेजस्वी यादव, राजद नेता

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# बजट सत्र से पहले हो जाएगा संसद में सीटिंग अरेंजमेंट

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** उत्तरप्रदेश विधानसभा में लगातार नौ बार चुनकर पहुंचे विधायक अवधेश प्रसाद इसबार फैजाबाद से जीतकर लोकसभा पहुंचे तो उनको भी उम्मीद नहीं होगी कि उन्हें सपा प्रमुख अखिलेश यादव अपने साथ पहली पंक्ति में बिठाएंगे। उन्हें ये भी उम्मीद नहीं होगी कि उनके नाम की प्रस्तावना लोकसभा के उपसभापति के पद लिए भी कोई दल कर सकता है। दलित नेता अवधेश प्रसाद फैजाबाद जैसी सामान्य सीट सीट से जीतकर लोकसभा पहुंचे। वो फैजाबाद जिसके अंतर्गत अयोध्या विस सीट भी शामिल है।

- फैजाबाद जैसी सामान्य सीट सीट से जीतकर लोस पहुंचे

## अवधेश प्रसाद के बहाने विपक्षी खेल शुरू

*विपक्षी दल अवधेश प्रसाद को तुरुप के पत्ते की तरह इस्तेमाल करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। लोकसभा के उपसभापति पद के लिए तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अवधेश प्रसाद का नाम आगे बढाया है। अभी संयुक्त विपक्षी दल की ओर से उनका नाम औपचारिक रूप से प्रस्तावित किया जाना है। उससे पहले लोकसभा में सांसदों के बैठने की जगह नर्धािरित होने की प्रक्रिया में सपा संसदीय दल के नेता अखिलेश यादव की ओर से अवधेश प्रसाद के लिए पहली बेंच पर ही डिवीजन नंबर देने की अनुशंसा की गई है। सदन के पहले बेंच पर विपक्ष और पक्ष के बराबर आठ आठ सांसदों के लिए बैठने की जगह नर्धािरित करने की व्यवस्था बन रही है। आगामी बजट सत्र से पहले सभी सांसदों को डिवीजन नंबर दे दिये जाएंगे। डिवीजन नंबर सांसदों के बैठने की व्यवस्था है जिसके तहत अगर किसी संसदीय मामले में वोटिंग की नौबत आती है तो अपने डिवीजन नंबर के मार्फत ही संबंधित सांसद वोटिंग में भाग लेते हैं। भाजपा के 240 सांसद चुनकर लोकसभा पहुंचे हैं जब कि कांग्रेस के 99, सपा के 37 और तृणमूल के 29 सांसद हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जैसे नेताओं का अग्रिम पंक्ति में ही डिवीजन नंबर तय है।*

## सऊदी से भारतीयों के लिए नागरिकता का ऐलान

**रियाद।** सऊदी अरब ने नागरिकता देने के संबंध में अहम फैसला लिया है। सरकार ने उन लोगों को नागरिकता देने का फैसला लिया है, जो अपने पेशे में महारत रखते है। चुने हुए लोगों को नागरिकता देने के लिए सऊदी सरकार ने डिक्री जारी की है। सऊदी सरकार ने कई वैज्ञानिकों, डॉक्टरों, शोधकर्ताओं, इंटरप्रेन्योर, कारोबारियों और दूसरे क्षेत्रों में नाम कमाने वाली प्रतिभाओं को सऊदी नागरिकता प्रदान करने के लिए ये शाही फरमान जारी किया है। सऊदी अरब में अलग-अलग क्षेत्रों में बड़ी तादाद में भारतीय काम करते हैं।

## वित्त वर्ष 2023-24 में 1.27 लाख करोड़ की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा रक्षा उत्पादन

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** वित्तिय वर्ष 2023-24 में वार्षिक रक्षा उत्पादन 1 लाख 26 हजार 887 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। पिछले साल की तुलना में यह 16.7 फीसदी अधिक है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, अन्य पीएसयू और निजी कंपनियों से मिले आंकड़ों के हिसाब से देश में रक्षा उत्पादन में ये रिकॉर्ड वृद्धि देखने को मिली है। वत्ति वर्ष 2022-23 के दौरान रक्षा उत्पादन का आंकड़ा 1 लाख 8 हजार 684 करोड़ रुपए पर था। रक्षा क्षेत्र में आत्मनर्भिरता हासिल करने के लिए उठाए गए क्रांतिकारी सुधारात्मक कदमों की वजह से यह उपलब्धि हासिल की गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मेक इन इंडिया कार्यक्रम साल दर साल नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है।

भारत को एक अग्रणी वैश्विक रक्षा उत्पादन केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध सरकार : राजनाथ

### एससीओ की बैठक में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

# आतंकियों को पनाह देने वाले देशों को किया जाए बेनकाब

एजेंसी ▶▶ अस्ताना

भारत ने आतंकियों को पनाह देने व उनको सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराकर आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों को खरी खरी सुनाई है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन की एससीओ की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए आतंकवाद के मुद्दे पर चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद पर अंकुश नहीं लगाया गया तो यह क्षेत्रीय एवं वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। उन्होंने याद दिलाया कि आतंकवाद से लड़ाई एससीओ के मूल उद्देश्यों में से एक है।



**एससीओ को प्रतिबद्धता से पीछे नहीं हटना चाहिए**

एस जयशंकर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उन देशों को अलग-थलग व बेनकाब करना चाहिए जो आतंकियों को पनाह देते हैं, उन्हें सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराते हैं और आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। उनका इशारा स्पष्ट रूप से पाकिस्तान और उसके सदाबहार मित्र चीन की ओर था। उन्होंने आगे कहा, सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की जरूरत है और आतंकवाद के वित्तपोषण एवं आतंकियों की भर्ती से दृढ़ता से निपटा जाना चाहिए। एससीओ को अपनी प्रतिबद्धता से पीछे नहीं हटना चाहिए। इस संबंध में हम दोहरे मापदंड नहीं अपना सकते।"

**आतंकवाद को बढ़ावा देने पर चीन को लताड़ा**

जयशंकर ने पाकिस्तान के साथ-साथ चीन को भी निशाने पर लिया था। उन्होंने कहा था, देशों को अलग-थलग करना चाहिए और बेनकाब कर देना चाहिए जो आतंकवादियों को पनाह देते हैं, सुरक्षित पनाहगाह प्रदान करते हैं और आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। चीन ने कई मौकों पर पाकिस्तान के वांटेड आतंकियों को ब्लैक लिस्ट करने के प्रस्तावों को यूएन में ब्लॉक किया है।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा बलों के हत्थे चढ़े सात काले कुबेर

**नई दिल्ली।** भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर बीएसएफ को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बीएसएफ और डीआरआई के एक सफल ज्वाइंट ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने 11.5 लाख रुपये नकद और 6.86 करोड़ रुपए मूल्य के 9.6 किलोग्राम सोना तस्करी करते हुए लोगों को पकड़ा है। सुरक्षा बलों ने इस घटना में शामिल सभी तस्करों को मौके से गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के अंतर्गत नदिया जिले में तैनात 68 बटालियन के बीएसएफ जवानों ने राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के साथ मिलकर एक ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया। ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने सीमानगर से लगातार 7 तस्करों को गिरफ्तार किया।

## जेपी नड्डा से मिले किरोड़ी लाल बातचीत का नहीं किया खुलासा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

- मंत्री पद से इस्तीफा देकर चर्चा में आए हैं राजस्थान भाजपा के दिग्गज मीणा

मंत्री पद से इस्तीफा देकर चर्चा में आये राजस्थान भाजपा के दग्गिज नेता किरोड़ी लाल मीणा ने शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। पार्टी हाईकमान मीणा के इस्तीफे से अचंभित है और उनको राजस्थान सरकार में मंत्री बने रहने के लिए मना रहा है। बताया जा रहा है कि नड्डा ने किरोड़ी लाल मीणा से कहा है कि वे इस्तीफा वापस ले लें। हालांकि जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद बाहर निकले मीणा ने मीडिया से बातचीत में ऐसा कोई संकेत नहीं दिया कि वे इस्तीफा वापस ले रहे हैं। उन्होंने कहा है कि मीटिंग में 'ऐसी बातें हुई हैं जिनको बता नहीं सकता'। मीणा ने यह भी कहा है कि उन्हें न संगठन से शिकायत है न मुख्यमंत्री से, चूंकि जनता के बीच चुनाव हारने पर इस्तीफा देने की बात कही थी, इसलिए ऐसा किया है। राज्य सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले किरोड़ीलाल मीणा को दिल्ली तलब किया गया था। देखना ये है कि नड्डा से मुलाकात के बाद वे इस्तीफा वापस लेते हैं या नहीं। ज्ञात हो कि मीणा ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि अगर भाजपा दौसा और आसपास की सीटें हारी तो वे राजस्थान सरकार में मंत्री बने रहने की बजाय इस्तीफा दे देंगे।

### यात्रा से पहले मिली 35 हजार असॉल्ट राइफलें

## मोदी और पुतिन की मुलाकात में उठेंगे क्षेत्रीय-वैश्विक हितों के मामले: क्वात्रा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

- 8 से 9 जुलाई तक प्रधानमंत्री मोदी रूस की यात्रा पर रहेंगे

अगले सप्ताह 8 से 9 जुलाई तक होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा के दौरान दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच बातचीत में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय हितों से जुड़े मामलों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी प्रधानमंत्री मोदी की मास्को रवानगी से पहले शुक्रवार को राजधानी में आयोजित किए गए संवाददाता सम्मेलन में विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने दी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के नेताओं की मुलाकात में हमेशा से ही क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों को उठाया जाता है। हालांकि अभी उन सभी विषयों को लेकर अनुमान लगाना ठीक नहीं होगा। लेकिन क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दे दोनों के बीच होने वाली बातचीत का एक महत्वपूर्ण तत्व होंगे। रूस में आयोजित किए जाने वाले 22 वें वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए पीएम यह यात्रा करेंगे।

## संघ की अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक 12 से

**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रतिवर्ष होने वाली अखिल भारतीय स्तर की प्रांत प्रचारक बैठक इस वर्ष आगामी 12,13 एवं 14 जुलाई 2024 को झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित हो रही है। मई-जून में संपन्न संघ के प्रशिक्षण वर्गों की लगभग दो माह की श्रृंखला के पश्चात देशभर के सभी प्रांत प्रचारक इस बैठक में उपस्थित रहेंगे। संघ की संगठन योजना में कुल 46 प्रांत बनाए गए हैं। बैठक में संघ के प्रशिक्षण वर्ग के वृत्तांत एवं समीक्षा आगामी वर्ष की योजना का क्रियान्वयन, सरसंघचालक का वर्ष 2024-25 की प्रवास योजना जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

# कारगिल जैसी गुस्ताखी नहीं करेगा पाक, सीमाई सतर्कता जरूरी: जनरल मलिक

- देश में मनाई जा रही कारगिल युद्ध की रजत जयंती के अवसर पर हरिभूमि से खास बातचीत में बोले तत्कालीन सेनाप्रमुख रहे जनरल वेद प्रकाश मलिक।

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

इस महीने देश में कारगिल युद्ध की रजत जयंती यानी 25 वीं वर्षगांठ बड़ी धूमधाम से मनाई जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी दल्लिी से लेकर कारगिल में बीते कुछ दिनों से विजय दिवस के समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें सेना के उन वीर योद्धाओं की कुर्बानियों और योगदान को याद किया जा रहा है। जन्हिोंने पाकिस्तान के साथ लड़े गए इस युद्ध में सीमाओं की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। इन सबके बीच कारगिल युद्ध में भारतीय सेना का नेतृत्व करने वाले पूर्व सेनाप्रमुख जनरल वेद प्रकाश मलिक (सेवानिवृत्त) ने हरिभूमि से खास बातचीत की। इसमें उन्होंने कारगिल युद्ध, लड़ाई के अनुभवों से लेकर 2024 तक भारत की सुरक्षा स्थिति, आधुनिकीकरण और सैन्य तैयारियों के मुद्दे पर वस्तिार से चर्चा की।

### पेश हैं बातचीत के अंश

***कारगिल युद्ध से सेना को क्या संदेश मिलता है?***

इस युद्ध से हमारी सेना को दो बड़े संदेश मिलते हैं। पहला ये कि युद्ध के दौरान हमारी सेना खासकर युवा अधिकारियों ने जिस बहादुरी के साथ यह लड़ाई जीतकर मिसाल कायम की थी। उसका हमेशा उन्हें श्रेय दिया जाना चाहिए और उनकी कुर्बानी को याद रखा जाना चाहिए। दूसरा संदेश ये है कि मिशन चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसे पूरा किया जा सकता है। वो कुछ लोग कहते हैं कि ह्यमिशन इम्पॉसिबल वॉज मेड मिशन पॉसिबलह्न। इसे हमेशा याद रखा जाना चाहिए। साथ ही मैं ये भी कहूंगा कि आज भी हमारी सीमाएं (एलएसी, एलओसी) सुरक्षित नहीं हैं। इसलिए सेना को हमेशा सतर्क रहना चाहिए।

***1999 के युद्ध से भारत ने पाकिस्तान के हौसले पस्त कर दिए हैं?***

हां बिलकुल किए हैं। कारगिल के बाद पाकिस्तान को ये साफ संदेश मिल चुका है कि वो भारत के साथ किसी बड़ी लड़ाई में कभी नहीं जीत सकता। मुझे नहीं लगता कि अब वो दोबारा भारत के साथ कोई बड़ी लड़ाई लड़ने की हिमाकत करेगा। लेकिन छोटी-मोटी लड़ाइयां जो कारगिल के बाद से आज तक जम्मू-कश्मीर में जारी हैं।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | तिलोकेवाला :- 350 मिमी आई/डी आरसीसी पाइप चैनल का प्रावधान व बिछाना, एस/एस टैंक 100'×100'×12', आरसीसी एचएलटी 18'×12' का निर्माण, सिविल स्ट्रक्चर्स, हैडवर्क्स पर पाइप लाइन, पम्पिंग मशीनरी, वितरण प्रणाली की मरम्मत और हाउस कनेक्शन इत्यादि, सभी प्रकार से पूर्ण आकलन के तौर पर + 1 कार्य। | 03.07.2024 10.07.2024 | 162.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 2 | पंचायती राज मुरथल, सोनीपत | गांव पिपली खेड़ा, ब्लॉक मुरथल, जीपी में सुलेमान के मकान से रणधीर के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण। | बंद होने की तिथि 09.07.2024 | 16.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818043960 vpnaman2011@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज पंचकूला | ब्लॉक बरवाला के (गांव मानक टाबरा और मोनक टाबरा रूड़की) के शिवधाम नवीनीकरण योजना कार्य + 6 कार्य। | 03.07.2024 10.07.2024 | 144.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467628236 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में सेक्टर-9 में 200 बिस्तर वाले सिविल हॉस्पीटल का निर्माण (ईपीबीएएक्स सिस्टम और एलएएन सिस्टम का प्रावधान) + 3 कार्य। | 03.07.2024 10.07.2024 | 188.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज भिवानी | 648 - गांव बामला-I में प्रजापत चौपाल को पूरा करना, स्कीम एचजीवीवाई ब्लॉक भिवानी जिला भिवानी + 6 कार्य। | 03.07.2024 08.07.2024 | 148.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 6 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा हिसार | आईईसी और मुद्रण सामग्री हेतु दर अनुबंध। | 05.07.2024 16.07.2024 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215705859 dhs.cshsr@hry.nic.in |
| 7 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | एसएचकेएमजीसी, नल्हार, नूह में स्थापित सभी कंज्यूमेबल और स्पेयर पार्ट्स समेत 12 लिफ्ट्स मेक-ओरबिस (ORBIS) हेतु प्रचालन और व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। | 08.07.2024 15.07.2024 | 12.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज अम्बाला | गांव गानौली में फिरनी का निर्माण और गांव हरबों ब्लॉक नारायणगढ़ में फिरनी का निर्माण + 6 कार्य। | 04.07.2024 10.07.2024 | 123.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज अम्बाला | गांव खुड्डा कलां की फिरनी को पूरा करना और गांव रोल्लों ब्लॉक अम्बाला-II की फिरनी को पूरा करना + 1 कार्य। | 04.07.2024 10.07.2024 | 33.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज अम्बाला | गांव रत्तनहेड़ी, ब्लॉक अम्बाला-II की फिरनी को पूरा करना + 7 कार्य। | 03.07.2024 09.07.2024 | 285.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज अम्बाला | विवेकाधीन - गांव धनकौर, ब्लॉक अम्बाला-II में तालाब की रिटेनिंग वॉल का निर्माण + 1 कार्य। | 01.07.2024 08.07.2024 | 25.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज अम्बाला | गांव पंजोखरा साहिब, ब्लॉक अम्बाला-II में तासम्बली रोड से गुरचरण सिंह के मकान के सामने वाया गुरमेल सिंह (रामदेव) के मकान तक आई/एल गली, जसवंत सिंह के मकान से डोगर सिंह के मकान तक गली और श्रीमती खुशविंदर कौर की गली, गडरियां वाली गली से बचना राम के मकान तक गली, मेन नारायणगढ़ रोड से बछित्तर सिंह के मकान तक गली, मुख्य गली से कृष्ण गोपाल के मकान तक गली, एसडब्ल्यूएम शेड से पंचायत भूमि तक गली, ए.जी. रिसॉर्ट के निकट कल्वर्ट और रैंप का निर्माण। | 02.07.2024 09.07.2024 | 28.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज हिसार | अनीपुरा, हांसी11, सामान्य चौपाल की मरम्मत + 10 कार्य। | 04.07.2024 10.07.2024 | 114.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज झज्जर | गांव मालियावास, सासरौली, सेहलंगा, धालनवास, ब्लॉक मातनहेल में 4 अदद एसडब्ल्यूएम शैड का निर्माण + 19 कार्य। | 02.07.2024 10.07.2024 | 140.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज झज्जर | गांव आसौदा टोडरान, भापड़ौदा, कानौंदा, खरहर, लडरावन, ब्लॉक बहादुरगढ़ में फिरनी पर स्ट्रीट लाइट की स्थापना। | 03.07.2024 10.07.2024 | 74.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज सोनीपत | गांव खंदराई, ब्लॉक मुंडलाना में शमशान घाट में चारदिवारी और शैड का निर्माण। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 12.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 17 | पंचायती राज सोनीपत | गांव पिनाना में जीवीएच की चारदिवारी का निर्माण। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 5.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 18 | जिला परिषद पलवल | भुलवाना से यूपी बॉर्डर तक सम्पर्क सड़क की विशेष मरम्मत, आईडी-740, ब्लॉक-होडल + 8 कार्य। | 03.07.2024 15.07.2024 | 368.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015379500 prexeeng.pwl@gmail.com |
| 19 | पंचायती राज करनाल | गांव शेरपुर विरान राजगढ़ ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में एससी अहरिया चौपाल को पूरा करने हेतु आकलन, स्कीम का नाम एच जी वी योजना। | 02.07.2024 20.07.2024 | 4.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 20 | पंचायती राज करनाल | गांव अमुपुर, ब्लॉक निसिंग, जिला करनाल में रविदास मंदिर के निकट अम्बेडकर भवन को पूरा करना, एचजीवाई + 12 कार्य। | 02.07.2024 16.07.2024 | 65.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 21 | पंचायती राज करनाल | गांव - दुपेडी स्कीम-एचजीवीवाई, ब्लॉक असंध, जिला करनाल में बाल्मिकी चौपाल में कार्य के निर्माण हेतु कच्चा लागत आकलन + 2 कार्य। | 02.07.2024 20.07.2024 | 28.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 22 | लोनिवि भ व प नरवाना | जीन्द जिला एमडीआर-111 (रोड आईडी 6732) में कि.मी. 15.84 से 24.33 तक नरवाना से टोहाना रोड तक रोड की विशेष मरम्मत। | 03.07.2024 15.07.2024 | 153.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 23 | लोनिवि भ व प करनाल | गांव फतेहपुर, पुण्डरी, जिला करनाल में तहसील भवन का निर्माण (ईएलवी सेवाओं का प्रावधान केवल)। | 05.07.2024 15.07.2024 | 90.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 24 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में सोनीपत निर्वाचन क्षेत्र में सोनीपत नरेला रोड से राठधना आरडी 0 से 1000 (आईडी 9931) तक रोड का मजबूतीकरण। | 03.07.2024 10.07.2024 | 43.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 25 | पंचायती राज मोरनी, पंचकूला | गांव धाबसु जीपी धाबसु में सतपाल के खेत के निकट आर वॉल और गली का निर्माण, गांव कुदाना, जी.पी. भोज कुदाना, ब्लॉक मोरनी, एसडीए में देवी दयाल खेतों में कृषि हेतु जल संग्रहण टैंक का निर्माण। | 06.06.2024 12.06.2024 | 4.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 26 | पंचायती राज भिवानी | गांव धनाना एल में आंगनवाड़ी केन्द्र का निर्माण। | 05.07.2024 11.07.2024 | 10.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416087780 sdoprbhiwani@gmail.com |
| 27 | पंचायती राज झज्जर | 10.11- गांव रूडियावास, ब्लॉक बहादुरगढ़ में शमशान घाट की चारदिवारी का निर्माण + 11 कार्य। | 02.07.2024 10.07.2024 | 184.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 28 | पंचायती राज झज्जर | गांव सोभापुर, ब्लॉक नारनौल, शमशान घाट में बाउंड्री का निर्माण + 21 कार्य। | 04.07.2024 10.07.2024 | 175.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416882457 sdopr.nrl@gmail.com |
| 29 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | ग्राउंड वाटर टेबल की रिचार्जिंग हेतु नोलपुर डिस्टी. के कि.मी. 28.900/आर से गांव तालाब नागला सोडा को भरने के लिए आरसीसी पाइप लाइन 450 मिमी. आई/डाया एनपी-2 को बिछाना और सिंचाई सुविधाओं का प्रावधान (नांगल चौधरी निर्वाचन क्षेत्र) (अटल भू-जल योजना के तहत) + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.07.2024 | 94.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 30 | पंचायती राज अम्बाला | गांव अंधेरी, ब्लॉक नारायणगढ़ में फिरनी का निर्माण + 5 कार्य। | 04.07.2024 11.07.2024 | 120.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 31 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | कैनाल कॉलोनी, रोहतक में एफएच नं. 02 की व्हाइट वॉशिंग हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 1.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 32 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा, चण्डीगढ़ | सिटी बस सेवाओं हेतु रेवाड़ी, हरियाणा में बस डिपो के विकास के लिए ऑनलाइन निविदा। | 08.07.2024 22.07.2024 | 13.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in http://www.hartrans.gov.i n | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 33 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा, चण्डीगढ़ | सिटी बस सेवाओं हेतु रोहतक, हरियाणा में बस डिपो के विकास के लिए ऑनलाइन निविदा। | 08.07.2024 22.07.2024 | 14.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in http://www.hartrans.gov.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 34 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | ऑटोमेटिक बस वॉशिंग मशीनों की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु। | 05.07.2024 29.07.2024 | 2 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in http://www.hartrans.gov.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 35 | नागरिक उड्डयन विभाग हरियाणा | 18.07.2024 टीओवी 17.07.2024 - एक नये ट्विन इंजन स्टेट वीआईपी हैलीकॉप्टर, वीटी-एचवाईआर एमबीबी-बीके 117डी3 एचआई45-डी3 एस/एन-21262 वाईओएम 2024 की व्यापक बीमा के लिए मोहरबंद उद्धरण की आपूर्ति। | 06.07.2024 15.07.2024 | | www.haraviation.gov.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |
| 36 | पंचायती राज पंचकूला | ब्लॉक पिंजौर (फतेहपुर दीवानवाला और चिक्कान) का शिवधाम नवीनीकरण योजना कार्य + 5 कार्य। | 04.07.2024 10.07.2024 | 126.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 37 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में सेक्टर-9 में 200 बिस्तर वाले सिविल हॉस्पीटल का निर्माण (एडमिन ब्लॉक/ओपीडी ब्लॉक में फायर अलार्म सिस्टम और पीए सिस्टम का प्रावधान केवल)। | 04.07.2024 15.07.2024 | 67.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 38 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम जिले में मकान नं. 17, ऑफिसर कॉलोनी नं. 2, सिविल लाइंस, गुरुग्राम का पुनरोद्धार (आई/सी ई.आई. कार्य)। | बंद होने की तिथि 12.07.2024 | 11.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 39 | लोनिवि भ व प अम्बाला | कार्य कार्यक्रम 2024-25 के तहत अम्बाला सिटी निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा, अम्बाला कैंट के तहत 7 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 106, 114, 4318, 121 जमा 73, 22, 12 और 3) (ग्रुप-4)। | 27.06.2024 11.07.2024 | 358.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 40 | लोनिवि भ व प अम्बाला | कार्य कार्यक्रम 2024-25 के तहत अम्बाला सिटी निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा, अम्बाला कैंट के तहत 5 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 5087, 4562, 149, 75 और 215) (ग्रुप-3)। | 27.06.2024 11.07.2024 | 331.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 41 | लोनिवि भ व प अम्बाला | कार्य कार्यक्रम 2024-25 के तहत अम्बाला सिटी निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा, अम्बाला कैंट के तहत 3 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 4295, 137 और 132) (ग्रुप-1)। | 26.06.2024 10.07.2024 | 364.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 42 | लोनिवि भ व प अम्बाला | कार्य कार्यक्रम 2024-25 के तहत अम्बाला सिटी निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा, अम्बाला कैंट के तहत 3 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 118, 116 और 110) (ग्रुप-2)। | 26.06.2024 10.07.2024 | 399.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 43 | नागरिक उड्डयन विभाग हरियाणा | ग्राउंड पावर यूनिट नामतः "पावर वैम्प (मॉडल जीपीयू कूल्सपूल 29 ट्विन पैक) की अधिप्राप्ति।" | 05.07.2024 19.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच-11/2025/860/27532/I/88/6 दि. 05.07.24




## खबर संक्षेप



### टॉयलेट साफ करो नहीं तो फेल कर दूंगी: प्रोफेसर

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की एक महिला प्रोफेसर छात्रों को कम नंबर देने की धमकी देकर उनसे अपना घरेलू काम कराती थी। यहां तक कि प्रोफेसर छात्रों से टॉयलेट भी साफ कराती थी। इसका एक वीडियो भी सामने आया था। अब महिला प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया है।

### लाश से जेवरात चुराने में दारोगा-चौकी इंचार्ज दोषी

**कानपुर।** यूपी के कानपुर में एक पुलिस इंस्पेक्टर महिला की मौत के बाद उसके शव से सोने के गहने



चुराने के मामले में दोषी पाया गया है। इंस्पेक्टर के साथ चौकी इंचार्ज और अन्य पुलिसकर्मी भी इस घटना में दोषी पाए गए हैं। यहां के नजीराबाद थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी कौशलेंद्र प्रताप सिंह, चौकी इंचार्ज रवि कुमार व अन्य पुलिस कर्मियों को दोषी माना गया है।

### कुएं में शख्स को निकालने उतरे 9 लोगों की भी मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को दो अलग-अलग घटनाओं में कुएं से संदिग्ध जहरीली गैस के रिसाव



से 16 वर्षीय लड़की सहित नौ की मौत हो गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इन घटनाओं पर दुख व्यक्त किया तथा मृतकों के परिजनों को नौ-नौ लाख रुपये की सहायता प्रदान करने घोषणा की। जांजगीर-चांपा जिले में बिर्रा थाना क्षेत्र के किकिरदा गांव में यह घटना हुई।

### नोएडा के लॉजिक्स मॉल में आग से हड़कंप

**नोएडा।** नोएडा के लॉजिक्स मॉल में आग लगने की खबर है।पूरे मॉल को खाली कराया गया है। आग की



सूचना दमकल विभाग को दी गई। मौके पर दमकलकर्मी पहुंचे हैं और राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया है।अग्निशमन विभाग की 6 से अधिक गाड़ियां मौके पर है। मॉल में धुआं भर गया है, जिसे निकाला जा रहा है।किसी के हताहत होने की अभी तक कोई सूचना नहीं है।

### वकील का दावा, उत्तर प्रदेश पुलिस ने हिरासत में लिया

# हाथरस भगदड़: मुख्य आरोपी का दिल्ली में आत्मसमर्पण, बाबा की तलाश जारी

भाषा ▶▶ नोएडा

उत्तर प्रदेश के हाथरस में दो जुलाई को मची भगदड़ के मामले में मुख्य आरोपी देवप्रकाश मधुकर ने दिल्ली में आत्मसमर्पण कर दिया जिसके बाद उत्तर प्रदेश पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। उनके वकील ने शुक्रवार की रात यह दावा किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि तमाम एजेंसियां पूछताछ के लिए प्रवचनकर्ता सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ 'भोले बाबा' की भी तलाश कर रही हैं। इस घटना में 121 लोगों की मौत हो गई थी। जिस सत्संग में भगदड़ मची थी, वहां के मुख्य सेवादार मधुकर इस घटना के संबंध में हाथरस के सिकंदराराऊ पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी में नामजद एकमात्र आरोपी है। एक वीडियो संदेश में मधुकर के वकील ए पी सिंह ने दावा किया कि उनके मुवक्किल ने दिल्ली में आत्मसमर्पण कर दिया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। आज हमने देवप्रकाश मधुकर का आत्मसमर्पण करा दिया है, क्योंकि उनका यहां इलाज चल रहा था, इसलिए दिल्ली में पुलिस, एसआईटी और एसटीएफ को बुलाया गया।" वकील ने कहा कि हमने वादा किया था कि हम अग्रिम जमानत के लिए आवेदन नहीं करेंगे, क्योंकि हमने कुछ गलत नहीं किया है।

*यह है मामला: हाथरस जिले के फुलरई गांव में दो जुलाई को 'भोले बाबा' के सत्संग के बाद मची भगदड़ में कुल 121 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें अधिकतर महिलाएं थीं। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या), 110 (गैर इरादतन हत्या करने का प्रयास), 126 (2) (गलत तरीके से रोकना), 223 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेश की अवज्ञा), 238 (साक्ष्यों को मिटाना) के तहत मुकदमा दर्ज किया था।*

**खास बातें**

- सत्संग के बाद मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें अधिकतर महिलाएं थीं
- आरोपी के तौर पर सिर्फ मुख्य सेवादार मधुकर का नाम है और सूरजपाल का नाम दर्ज नहीं

### सीएम योगी को सौंपी एसआईटी की रिपोर्ट




**न्यायिक आयोग जांच में जुटा**

### अब तक 90 बयान दर्ज किए गए

*हाथरस में भगदड़ मामले की जांच कर रही उत्तर प्रदेश सरकार की एसआईटी ने अब तक 90 बयान दर्ज किए हैं। एसआईटी के प्रमुख अनुपम कुलश्रेष्ठ ने जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (आगरा जोन) कुलश्रेष्ठ तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का नेतृत्व कर रहे हैं। हाथरस में 'एडीजी कुलश्रेष्ठ ने कहा कि अब तक 90 बयान दर्ज किए गए हैं। भगदड़ की घटना की जांच को लेकर गठित विशेष कार्य दल (एसआईटी) की रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंप दी गई है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (आगरा जोन) अनुपम कुलश्रेष्ठ ने सरकार को यह रिपोर्ट सौंपी है। गोपनीय रिपोर्ट में हाथरस के जिलाधिकारी आशीष कुमार, पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के बयान शामिल हैं।*

### मधुकर की गिरफ्तारी के लिए मदद करने वाले को एक लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी

*हाल में, उच्चतम न्यायालय के वकील ने दावा किया था कि वह उन सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनके सत्संग में भगदड़ मची थी। उत्तर प्रदेश पुलिस ने मधुकर की गिरफ्तारी के लिए मदद करने वाले*



*को एक लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी। इस मामले में बृहस्पतिवार तक छह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में साकार हरि ने सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एपी सिंह को नियुक्त किया है। अधिवक्ता ने कहा कि मुझे एफआईआर की कॉपी मिल गई है। चर्चा है कि आश्रम से गई गाड़ियों में साकार विश्व हरि भी आश्रम से चले गए। हालांकि इसकी पुष्टि अभी पुलिस भी नहीं कर रही है। कुछ लोगों का कहना है कि एसटीएफ आगरा की टीम आश्रम में आई थी।*

### राहुल हाथरस पहुंचे, पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात की



*हाथरस (उप्र) (भाषा) लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार सुबह हाथरस पहुंचे और सत्संग में भगदड़ मचने की घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान राहुल गांधी ने उनसे घटना के बारे में बात की। इससे पहले, राहुल ने अलीगढ़ में भी मृतकों के परिजन से मुलाकात की। राहुल गांधी सुबह दिल्ली से सड़क मार्ग से हाथरस के लिए रवाना हुए। उनके साथ कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष अजय राय, पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रभारी अविनाश पांडे, पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और अन्य पदाधिकारी भी हैं।*

**लोको पायलट से मिले राहुल**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को रेलगाड़ियां चलाने वाले लोको पायलटों से मुलाकात की और उन्हें विश्वास दिलाया कि वह 'रेलवे के निजीकरण' और भर्तियों की कमी का मुद्दा उठाएंगे। कांग्रेस के अनुसार, उसके पूर्व अध्यक्ष दोपहर के समय नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पूरे भारत के लगभग 50 लोको पायलट से मिले। इस मुलाकात के दौरान लोको पायलटों ने बताया कि उन्हें आराम करने का पूरा समय नहीं मिलता।

### लुधियाना में कातिलाना हमला

## संदीप जान की भीख मांगते रहे और 'निहंग' काटते रहे





एजेंसी ▶▶ लुधियाना

पंजाब के लुधियाना में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। लुधियाना शिवसेना पंजाब के नेता संदीप थापर गोरा पर सिविल अस्पताल के बाहर कातिलाना हमला किया गया। उन पर हमला करने वाले निहंग बताए जा रहे हैं।

दरअसल, हमलावर निहंगों के वेश में आए 4 लोगों ने तेज धार वाले हथियारों से गोरा पर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर हालत में उनको अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना के वक्त संदीप थापर गोरा गनमैन के साथ सिविल अस्पताल में चलने वाले संवेदना ट्रस्ट के प्रधान रविंदर अरोड़ा की पुण्यतिथि समागम में शामिल होने गए थे। उसी दौरान उन पर यह हमला किया गया।

### समागम में माथा टेकने के बाद किया 'गंभीर'

हादसे से कुछ ही समय पहले शिवसेना नेता समागम में माथा टेकने के बाद बाहर निकले थे। इतने में निहंग के वेश में आए चार युवकों ने उन पर तेजधार हथियार से वार कर दिया। गोरा को लहुलुहान हालत में सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। उनकी हालत फिलहाल गंभीर बनी हुई है. पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तलवार से जमीन पर गिरने तक किया वार

जब एक का मन भर गया तो दूसरे ने उन पर तलवार से तब तक वार किया, जब तक उनका स्कूटर जमीन पर नहीं गिर गया। इतने से भी आरोपियों का मन नहीं भरा। वे लगातार शिवसेना नेता पर हमला करते रहे और फिर उनकी स्कूटी पर बैठकर दो आरोपी फरार हो गए। हैरानी की बात ये है कि सड़क पर मौजूद लोग तमाशबीन बने देखते रहे।

### अगस्त में गिर सकती है मोदी सरकार: लालू यादव



■ राजद स्थापना दिवस पर किया दावा

**पटना (भाषा)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने शुक्रवार को दावा किया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार 'कमजोर' है और अगले महीने की शुरुआत में 'गिर' सकती है। प्रसाद ने राजद के स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में यह दावा किया। पार्टी के 28 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व सीएम लालू प्रसाद ने कहा कि मोदी सरकार कमजोर है। यह कभी भी गिर सकती है। यह अगस्त में गिर सकती है।" इस दौरान लालू के छोटे बेटे और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी मौजूद थे।

## अमरनाथ यात्रा खत्म होते ही जम्मू कश्मीर में हो सकते हैं विस चुनाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35(अ) हटने के बाद इसे केंद्रशासित प्रदेश बना दिया गया था। पांच साल बाद अब वहां की आम जनता को विधानसभा चुनावों का इंतजार हैं, जिसको लेकर संभावनाएं हैं कि जल्द ही यह इंतजार खत्म हो जाएगा, क्योंकि अमरनाथ यात्रा के बाद राज्य में विधानसभा चुनाव कराए जा सकते हैं, जिसको लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा नेताओं को चुनाव की तैयारियों के निर्देश भी दे दिए हैं। जानकारी के मुताबिक भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पार्टी के बड़े नेताओं की अहम बैठक हुई थी, जिसमें जम्मू-कश्मीर भाजपा के कई नेता भी शामिल थे। उन्होंने प्रदेश के नेताओं को बताया था कि भाजपा राज्य की 90 सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ सकती है और वह चुनाव के पहले किसी भी पार्टी से कोई गठबंधन नहीं करेगी।

### अमित शाह ने दिए निर्देश भाजपा ने शुरू की तैयारी



## राष्ट्रपति ने सीआरपीएफ के छह जवानों को वीरता पदक से सम्मानित किया

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के चार जवानों को मरणोपरांत सहित छह जवानों को सैन्य वीरता पदक से सम्मानित किया। निरीक्षक दिलीप कुमार दास, हेड कांस्टेबल राज कुमार यादव और सिपाही बबलू राभा व शंभू रॉय को कीर्ति चक्र (मरणोपरांत) से सम्मानित किया गया और उनके परिवार के सदस्यों ने यह सम्मान राष्ट्रपति से प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में तीन अप्रैल, 2021 को नक्सल रोधी अभियान के दौरान वीरता दिखाने के लिए चारों जवानों को सम्मानित किया गया। नक्सलियों द्वारा घात लगाकर किए हमले के बाद शुरू हुई मुठभेड़ में सीआरपीएफ के आठ जवानों सहित 22 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए थे। सीआरपीएफ के प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रपति ने असाधारण बहादुरी का परिचय देने और माओवादियों को भारी नुकसान पहुंचाने वाले इन जवानों को कीर्ति चक्र से सम्मानित किया। मुर्मू ने बिहार और जम्मू-कश्मीर में क्रमश: नक्सल रोधी अभियान और आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान बहादुरी का प्रदर्शन करने के लिए देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल के दो अन्य जवानों को भी शौर्य चक्र से सम्मानित किया। बिहार के औरंगाबाद के चक्रबंधा जंगल में 25 फरवरी, 2022 को नक्सलियों द्वारा किए गए एक आईईडी विस्फोट में अपना बायां पैर गंवाने के बावजूद 'जवानों का नेतृत्व जारी रखने के लिए सहायक कमांडेंट बिभोर कुमार सिंह को सैन्य पदक से सम्मानित किया गया।




### झारखंड में सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेयी तथा जम्मू कश्मीर में तरूण चुघ को प्रभार

**नड्डा ने 24 प्रदेशों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में प्रभारी तथा सह प्रभारी किए नियुक्त**

# छत्तीसगढ़ में नितिन नवीन को प्रभारी बनाया, तावड़े को बिहार की जिम्मेदारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने छत्तीसगढ़ में विधायक नितिन नवीन को प्रभारी बनाया और बिहार में राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को प्रभारी तथा सांसद दीपक प्रकाश को सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। झारखंड में सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेयी प्रभारी व मप्र में एमएलसी महेन्द्र सिंह को प्रभारी तथा सतीश उपाध्याय को सह प्रभारी की भूमिका मिली है। पंजाब में विजय भाई रूपानी प्रभारी तथा डॉ. नरिन्दर सिंह को सहप्रभारी बनाया गया है। उत्तराखंड में राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम को प्रभारी व रेखा वर्मा को सह प्रभारी नियुक्त किया है।

### पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के आदेश से प्रभारी एवं सह प्रभारियों की घोषणा की गई

कुल 24 प्रदेशों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में प्रभारी तथा सह प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के आदेश से शुक्रवार को प्रभारी एवं सह प्रभारियों की घोषणा की गई। हालांकि कई नेता पहले से ही उन्हीं प्रदेशों में प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल रहे थे जिनमें अब दोबारा उनको नियुक्ति दी गई है।

गोवा में आशीष सूद को, अंडमान एवं निकोबार में रघुनाथ कुलकर्णी को तथा दादरा, नगर हवेली और दीव दमन में विधायक दुष्यंत पटेल को प्रभारी बनाया गया है। हिमाचल में विधायक श्रीकांत शर्मा को प्रभारी तथा संजय टंडन को सह प्रभारी नियुक्त किया



गया है। जम्मू कश्मीर में भी जल्द ही चुनाव होने वाले हैं, यहां राष्ट्रीय महाचिव तरूण चुघ को प्रभारी तथा आशीष सूद को सह प्रभारी की जिम्मेदारी मिली है। कर्नाटक में सांसद राधा मोहन अग्रवाल को प्रभारी तथा सुधाकर रेड्डी को सह प्रभारी बनाया गया है। केरल में प्रकाश जावड़ेकर को प्रभारी तथा सांसद अपराजिता सारंगी को सह प्रभारी नियुक्त किया है। ओडिसा में विजयपाल सिंह तोमर प्रभारी और विधायक लता उसेंडी सह प्रभारी बनायी गई हैं। अरूणाचल प्रदेश में विधायक अशोक सिंघल को प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सांसद संबित पात्रा को उत्तर पूर्व का संयोजक बनाया गया है। उनके साथ वी मुरलीधरन सह संयोजक होंगे। सिक्किम में दिलीप जायसवाल प्रभारी, पुदुचेरी में निर्मल कुमार सुराना, नागालैंड और मेघालय में अनिल एंटोनी, मणिपुर में सांसद अजीत गोपछड़े, मिजोरम में देवेश कुमार,लद्दाख में तरूण चुघ को प्रभारी बनाया गया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25